दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 29 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 95 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3








## पीएम मोदी ने किया नोएडा एयरपोर्ट का लोकार्पण

### विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक बनेगा नोएडा एयरपोर्ट: मोदी

**नोएडा।** एशिया के सबसे बड़े जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का 24 साल का इंतजार आज खत्म हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (28 मार्च) को अपने 'लाइट शो' वाले अंदाज में नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत माता के जयघोष से संबोधन शुरू किया।

उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से कहा, उद्घाटन नहीं अभी आधा काम हुआ है। अभी सिर्फ पर्दा हटाया है। मैं चाहता हूं आज सब इसका उद्घाटन आप सब करें। आप अपना मोबाइल फोन निकालिए। मोबाइल फोन का लाइट जलाकर इसका उद्घाटन करें। ये आपकी अमानत है। ये आपका भविष्य है। ये आपका पुरूषार्थ है। आप अपने भारत माता की जय बोल कर उद्घाटन करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, उत्तर प्रदेश में मुझे अपना प्रतिनिधि चुना जिस उत्तर प्रदेश ने सांसद बनाया उसकी पहचान के साथ उसे उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ इस भव्य एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है नोएडा का एयरपोर्ट मथुरा अलीगढ़ आदि को लाभ होने वाला है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, इटावा, गाजियाबाद समेत आसपास के क्षेत्र को बहुत बड़ा लाभ होना है। एयरपोर्ट पश्चिमी यूपी के किसानों, छोटे व लघु उद्योगों के लिए नए अवसर लेकर आने वाला है। यहां से दुनिया के लिए विमान




उड़ेंगे साथ ही विकसित यूपी के उड़ान का प्रतीक बनेगा। यूपी को विशेष रूप से पश्चिम यूपी के जनता को इस भव्य एयरपोर्ट के लिए बधाई देता हूं।

#### पीएम मोदी के संबोधन की प्रमुख बातें

- **एयरपोर्ट का उद्घाटन:** जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ, जो उत्तर प्रदेश और भारत के विकास में एक नया अध्याय जोड़ रहा है।
- **युवाओं के लिए अवसर:** यह एयरपोर्ट युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा।
- **कनेक्टिविटी:** यह एयरपोर्ट पश्चिम उत्तर प्रदेश को दुनिया से जोड़ रहा है, जिससे क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा।
- **पर्यावरण अनुकूल:** एयरपोर्ट शून्य उत्सर्जन वाली सुविधा है, जो पर्यावरण की रक्षा करेगा।
- **उड़ान योजना:** सरकार ने उड़ान योजना के तहत आम आदमी के लिए हवाई यात्रा को सस्ता बनाया है।
- **एमआरओ सुविधा:** सरकार एमआरओ सेक्टर में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है।
- **नई तकनीक:** एयरपोर्ट में नई तकनीक और सुविधाएं हैं, जो यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान करेंगी।
- **विकास की गति:** यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश और भारत के विकास की गति को बढ़ावा देगा।
- **कृषि उत्पाद:** एयरपोर्ट से कृषि उत्पादों को दुनिया के बाजारों में पहुंचाने में मदद मिलेगी।
- **देश की आर्थिक उड़ान:** एयरपोर्ट देश की आर्थिक उड़ान में मददगार होगा।

#### जेवर एयरपोर्ट विकास का उदाहरण: सीएम योगी

नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत आभार। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। जेवर एयरपोर्ट से यूपी को नई उड़ान मिलेगी। जेवर एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। पिछले 11-12 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो कार्ययोजना बनी है, आज हम सबको देखने को मिल रही है। भारत के अंदर पेट्रोलियम उत्पादों का दाम नियंत्रित है। उसकी आपूर्ति स्मूथ बनाई गई है। उस पूरी व्यवस्था में अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी पेट्रोलियम



उत्पादों के दाम आसमान छूते दिख रहे हैं। भारत के पड़ोसी देशों में भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़े हुए हैं, वहां पर अव्यवस्था का माहौल है। उन्हें अपने कार्य की अवधि को कम करना पड़ रहा है, उत्पादन को रोकना पड़ा है। जनता में कोटा सिस्टम लागू करना पड़ा है, लेकिन भारत के पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति बनाए रखना, दाम को नियंत्रित करना और कल का ऐतिहासिक निर्णय जो लिया, जिसमें पेट्रोलियम उत्पादों में एक्साइज ड्यूटी कम करने का फैसला जो लिया, उसके लिए यूपी की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं।

## दादरी में अखिलेश यादव की 'समाजवादी समानता भाईचारा रैली' आज

### कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से रैली में शामिल होने की अपील कर रहे

**नोएडा के दादरी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की समाजवादी समानता भाईचारा रैली के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।**



**नोएडा।** नोएडा के दादरी में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की समाजवादी समानता भाईचारा रैली के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। यह रैली आज आयोजित की जाएगी, और सपा कार्यकर्ता इसे सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से रैली में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। खासतौर पर विधानसभा शिकारपुर के विभिन्न गांवों जैसे कमोंना, पहासू, पांडावल और छतारी में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस जनसंपर्क अभियान में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर संदीप सिंह राघव, विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार बहल, पहासू नगर अध्यक्ष सागीर खान और दीपक यादव सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे दादरी स्थित मीर भोज डिग्री कॉलेज पहुंचकर रैली में भाग लें।

सपा के जिला उपाध्यक्ष संदीप राघव ने कहा कि उनकी विधानसभा शिकारपुर से लगभग 30 से 40 बसें रैली में पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि हर गांव में लोगों से अच्छा सहयोग मिल रहा है और वे ह्यसमाजवादी समानता भाईचारा रैलीह्न में शामिल होने के लिए काफी उत्साहित हैं।

इस रैली को लेकर जोश और उत्साह बढ़ता जा रहा है, और यह सपा के लिए एक अहम राजनीतिक कार्यक्रम साबित हो सकता है।

## नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नेपाल पुलिस ने शनिवार सुबह पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और नेपाली कांग्रेस नेता व पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को सितंबर 2025 में हुए जनरेशन जेड विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई मौतों से जुड़े गैर इरादतन हत्या और आपराधिक लापरवाही के मामले में गिरफ्तार कर लिया।

ये गिरफ्तारियां गृह मंत्रालय की औपचारिक शिकायत के बाद शुरू हुई जांच के क्रम में की गई हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कार्रवाई पूर्व विशेष न्यायालय की न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता वाले जांच आयोग की सिफारिशों को लागू करने के



लिए हो रही है। आयोग की रिपोर्ट में पूर्व प्रधानमंत्री ओली, पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक और तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चंद्र कुबेर खापुंग को मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया गया है। आयोग ने सिफारिश की है कि इन पर नेपाल की राष्ट्रीय दंड संहिता की धारा 181 और 182 के तहत आपराधिक लापरवाही का मामला दर्ज किया जाए, जिसमें 10 वर्ष तक की कैद का प्रविधान है।

सितंबर 2025 में नेपाल में युवा-प्रधान जनरेशन जेड आंदोलन ने जोर पकड़ा था। शुरू में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध और भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुआ यह प्रदर्शन जल्द ही देशव्यापी हो गया।

8 सितंबर को काठमांडू समेत विभिन्न शहरों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई थी (कुल आंदोलन में देशभर में मरने वालों की संख्या 70 से अधिक बताई जाती है)।

संबंधित खबर, पृष्ठ 7

## यशोदा मेडिसिटी में कैंसर को मात देने वाली महिलाओं ने 'संगिनी' मंच पर साझा किए अनुभव

### महिलाओं ने रैंप वॉक करके जीता दिल












**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के यशोदा मेडिसिटी द्वारा स्त्री रोग कैंसर से जूझ रही महिलाओं और सर्वाइवर्स के लिए 'संगिनी' का आयोजन किया गया।

यशोदा इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के वुमन कैंसर सेंटर और गाइनकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मरीजों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहां वे अपने अनुभवों को साझा कर एक-दूसरे का संबल बन सकें। मुख्य अतिथि एनटीपीसी लिमिटेड के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. बसंत कुमार बेहेरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने अस्पताल की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि कैंसर जैसी बीमारी में चिकित्सीय उपचार के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और अपनों का साथ सबसे बड़ी औषधि है।

#### रैंप वॉक और लाफ्टर थैरेपी बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक पल वह था जब कैंसर सर्वाइवर्स ने रैंप वॉक कर मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आत्मविश्वास से लबरेज इन महिलाओं ने यह संदेश दिया कि बीमारी उनकी पहचान नहीं छीन सकती। महिलाओं ने अपनी कैंसर यात्रा और जीत की कहानियां साझा कीं।

लाफ्टर थैरेपी व संगीत: तनाव कम करने और सकारात्मकता बढ़ाने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। मरीजों और उनके परिजनों ने विशेषज्ञों से खुलकर अपनी शंकाओं पर चर्चा की। डॉ. पी. एन. अरोड़ा, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने कहा, कि अस्पताल के रूप में हमारा विश्वास हमेशा हर मरीज को समग्र और निरंतर देखभाल प्रदान करने में रहा है। 'संगिनी' जैसी पहलें ऐसे मंच तैयार करने की दिशा में हमारे प्रयास को दर्शाती हैं, जो मरीजों को जुड़ने, सीखने और सहयोग का अनुभव करने में मदद करती हैं। डॉ. सतिंदर कौर ने बताया कि स्त्री रोग कैंसर के उपचार के दौरान महिलाएं अक्सर संशय और अकेलेपन से गुजरती हैं। 'संगिनी' जैसे सपोर्ट ग्रुप उन्हें सही जानकारी देने और भविष्य के प्रति आत्मविश्वासी बनाने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

## जन मुद्दों से दूर रहकर कैसे जनादेश हासिल करेगा नीला हाथी

### पहले सोशल इंजीनियरिंग भी थी और अब तो पूरी तरह साथ नहीं है उसकी कैडर वाली जाति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति अब लगातार करवट बदल रही है और इंटरनली चुनावी टंकार दी जा चुकी है। अपने अपने मुददों को लेकर सभी राजनीतिक दल अपने अपने बल के साथ चुनावी मैदान में आने को तैयार हैं। विपक्षी दलों की बात करें तों यहां समाजवादी साईकिल रफ्तार के साथ मौजूदा सरकार से उलझ रही है। वो यूपी में अपना चुनावी शंखनाथ वेस्ट यूपी की धरती से कर रही है। उसके सियासी समीकरण को समझें तो उसमें गुर्जर लैंड से ये हुंकार भरी है वो समानता रैली के साथ गुर्जर लैंड पर अपना चुनाव अभियान शुरू करेगी। इससे पहले भी समाजवादी नेता जनमुददों पर जनता के साथ आते हैं। वो एक संदेश देते हैं कि हम जनमुददों पर जनता की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। जनता के बीच नजर आते हैं। कलैक्ट्रेट में ज्ञापन देना हो या फिर नगर निगम को घेरने की बात हो ये चेहरे अड़ जाते हैं। कांग्रेस भी उतनी ताकत से साथ नहीं है लेकिन फिर भी वो विपक्ष वाली भूमिका में है। हाउस टैक्स पर पार्टी की एआईसीसी मैम्बर गाजियाबाद आती हैं, प्रैस कॉन्फ्रैन्स



करती हैं और लड़ाई लड़ने का एलान करती हैं। लेकिन यहां दलित और मुस्लिम वोटों की सियासी थैली का दावा करने वाली बसपा जनमुददों से दूर है। नीला हाथी और उसके महावत कभी भी जनमुददों पर सामने ही नहीं आते हैं। वर्तमान का शहरी ज्वलंत मुददा हाउस टैक्स है। हाउस टैक्स पर सभी राजनीतिक दल आगे आये हैं लेकिन नीला हाथी अब तक जनता का साथी नहीं बना है। वो जनमुददों से खुद को दूर रखे हुए है। फीस वृद्धि का मुददा हो तो उसके महावत कीप द डिस्टेंस वाले सीन में रहते हैं। हाउस टैक्स का मुददा हो तो नीला हाथी इससे बेफिक्र रहता है। सवाल यही है कि जनमुददों से दूर रहने वाला नीला हाथी चुनावी में किस मुददे पर वोट मांगेगा। उसे महावत जनता के बीच किन वादों के साथ आयेंगे। सियासी जानकार ये मानते हैं कि पहले बसपा सोशल इंजिनियरिंग के जरिये जनादेश हासिल करने की क्षमता में थी। नीला हाथी सरकार बनाने की उम्मीदों के साथ था लेकिन अब उसके पास विधानसभा में केवल एक महावत है और उस महावत का भी सीन अता पता लापता वाला है। विधानसभा के सत्र में सबसे विचित्र यही है कि उसका एक मात्र महावत सवाल भी नहीं पूछता है।

अब ये माना जाता है कि उसका कैडर वोट भी खिसक रहा है। हाथी के पास कैडर वोट की क्षमता थी और जिस तरह से प्राप्त वोटों का ग्राफ नीचे आया है उससे ये पता चल रहा है कि ये वोट बैंक अब अलग अलग दलों में ट्रांसफर हो रहा है। युवा दलित चंद्रशेखर की राजनीति से प्रभावित हैं और वो ये मानते हैं कि दलित राजनीति का वो ऐसा नगीना हैं जो आने वाले समय में सीना तानकर चलेगा। सवाल फिर यही है कि आखिरकार बसपा जनमुददों से क्यों दूर भाग रही है। उसके नेता सियासी पिच पर कोई शॉट ही नहीं मारते हैं। इसमें उनकी कोई खता नहीं है क्योंकि अभी इसके निर्देश ही नहीं है।

#### भगवागढ़ में माईनस होता हाथी

#### किसे देगा माईलेज सियासी

करंट क्राइम। भगवागढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद की बात करें तो यहां अब हाथी की कम होती ताकत का लाभ किसे मिलेगा इस पर मंथन हो रहा है। हाथी की पहली ताकत दलित और दूसरी ताकत मुस्लिम माना जाता रहा है। लेकिन देहात के चुनाव से लेकर शहर तक और लोकसभा के चुनाव से लेकर नगर निगम के चुनाव तक लगातार हाथी का वोट बैंक घटा है। जिन मुस्लिम ईलाकों में हाथी को वोट मिलता था वहां आम आदमी पार्टी का पार्षद जीत गया। वहां औवेसी की पार्टी का पार्षद जीत गया लेकिन हाथी को जीत नहीं मिली। विधानसभा की बात करें तो भाजपा के बागी उम्मीदवारों ने हाथी की सवारी की लेकिन कोई लाभी नहीं हुआ। अब मंथन इस बात पर है कि जो वोट हाथी से छिटक रहा है वो किस दल को जायेगा और वहां सियासी माईलेज देगा। हाथी से छिटका वोट अभी तक भटका है या फिर किसी नये सियासी ठिकाने की ओर जायेगा।

#### साईकिल से लेकर हाथ

#### किसका देगा नीला हाथी साथ

करँट काइम। इसमें कोई दोराय नहीं है कि हाथी लगातार 15 साल से सत्ता के वनवास पर है। उसके नेता जनमुददों से दूर हैं और पार्टी की सुप्रिमो का काम ट्विट और बयान से चल रहा है। वोट उसे मिल नहीं रहे और वोटर या तो घर बैठ गया है या फिर कहीं डाईवर्ट हो रहा है। हाथी का छिटका वोट क्या हाथ को मिलेगा, क्या ये वर्ग हाथ पर भरोसा कर रहा है। हाथी से छिटका वोट क्या समाजवादी हो जायेगा। क्या वो अखिलेश यादव को ताकत देगा। क्या हाथी का वोट बैंक किसी मात्रा में फूल की तरफ भी डाईवर्ट हुआ है। आगामी साल चुनाव का आ रहा है और ऐसे में एक बड़े वोट बैंक में कौन सा दल सेंध लगायेगा ये देखना रोचक रहेगा।

## रालोद है सरकार में सहयोगी मगर इलेक्शन में रहेगा भाजपा के लिए कितना सहयोगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सहयोग की बात हो चुकी और उत्तर प्रदेश की सियासत में भाजपा ने राष्ट्रीय लोकदल को सहयोगी के रूप में लिया है। रालोद के मुखिया जयंत चौधरी को केन्द्र सरकार में मंत्री बनाया है। रालोद की राजनीति में एक बड़ा परिवर्तन पूर्व सांसद और जदयू के महासचिव केसी त्यागी की आमद के बाद आया है। केसी त्यागी राजनीति का बड़ा चेहरा हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो इस समय राजनीति के दो छोर पर पूरा




जोर लगा सकते हैं। उन्हें बिहार की राजनीति का लम्बा अनुभव है और यूपी की राजनीति में वो पहले से अपनी पकड़ रखते हैं।

सवाल अब ये खड़ा हो रहा है कि रालोद भाजपा के सहयोगी दल के रूप में काम कर रहा है। सहयोग धर्म निभाया भी जा रहा है और जिन मुददों पर पहले रालोद के नेता आक्रामक होते थे अब उन मुददों पर पूरी तरह खामोश रहकर सहयोग धर्मा निभाया जा रहा है। ये तो बात सहयोग वालों की है लेकिन अगर फ्लॉवर वालों के यहां सहयोग वालों को लेकर बात की जाये तो उनकी बॉडी लैंगवेज बताती है कि सहयोग तो ठीक है लेकिन चुनावी रण में हमारे लिए उनके सहयोग का उपयोग कितना है।

अगर रालोद की सियासी ताकत को जनादेश वाले तराजु पर तौला जाये तो वो नगर निगम में सबसे कमजोर है। भाजपा यहां सूपड़ा साफ वाली स्थिति में है और सहयोगी दल का पार्षद दिखाई ही नहीं देता है। जिला पंचायत की राजनीति में दो सदस्यों के बाद भी भाजपा की ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। लोकसभा का चुनाव हुआ और गाजियाबाद के रालोद नेता या तो सहयोग नहीं दे रहे थे या सहयोग कोई ले नहीं रहा था। रालोद का हैन्डपम्प मोदीनगर में सहयोग कर रहा था। मोदीनगर भले ही गाजियाबाद जिले में आता है लेकिन चुनावी लिहाज से ये बागपत लोकसभा है। बागपत से राजकुमार सांगवान को रालोद ने उतारा था। पूरा रालोद यहीं जोर लगा रहा था। फिर वहीं सवाल है कि सहयोगी हैन्डपम्प वोटों की फुलवारी में कितना उपयोगी है।



# पीएम नरेंद्र मोदी ने किया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने भरी उड़ान




**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। इस एयरपोर्ट की नींव 25 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री ने ही रखी थी। लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, युवाओं को पता है कि यह जो काम हो रहा है, यह नौजवानों के भविष्य को नई उड़ान देने वाला काम है। आज हम विकसित यूपी, विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। वहीं, उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी।

**जेवर एयरपोर्ट विकास का उदाहरणः सीएम योगी :** नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत आभार। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। जेवर एयरपोर्ट से यूपी को नई उड़ान मिलेगी। जेवर एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। पिछले 11-12 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो कार्ययोजना बनी है, आज हम सबको देखने को मिल रही है।

**पीएम मोदी ने अपनी प्रसन्नता के बताए दो कारण :** उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे, देश का सबसे बड़ा प्रदेश आज सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक बन गया है। आज मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता के दो कारण हैं। जिसमें पहला, इस एयरपोर्ट का शिलान्यास करने का सौभाग्य भी मुझे मिला था और इसका उद्घाटन करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है। दूसरा, जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे प्रतिनिधि बनाया, सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ इस भव्य एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है।

# बंगाल का रणः ममता सरकार के खिलाफ भाजपा की चार्जशीट



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। भाजपा ने ममता सरकार के खिलाफ विधानसभा चुनाव से पहले मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज एक आरोप पत्र 'चार्जशीट' जारी की है। इस आरोप पत्र के जरिए शाह ने तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन को 'अराजकता और भ्रष्टाचार का युग' बताया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि बंगाल की आत्मा को बचाने और इसे भयमुक्त बनाने का चुनाव है।

अमित शाह ने बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश की सुरक्षा बंगाल के चुनावी नतीजों से अटूट रूप से जुड़ी हुई है। आज देश में घुसपैठियों के प्रवेश का केवल एक ही मुख्य रास्ता बचा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है। अगर बंगाल को घुसपैठ से मुक्त करना है, तो यहां सत्ता परिवर्तन अनिवार्य है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि ममता सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी के साथ खिलवाड़ होने दिया।

तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की पॉलिटिक्स खेली हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी उनके सिर पर पट्टी बंध जाती है, कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और कभी वह चुनाव आयोग के सामने खड़ी होकर बेबसी का नाटक करती हैं। चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल के लोग अब विक्टिम कार्ड की इस पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ चुके हैं।

# कैग रिपोर्ट में खुला यमुना की दुर्दशा का कच्चा चिट्ठा, जल मंत्री बोले- सुधार के लिए शुरू हो चुका है काम



**नई दिल्ली।** पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान दिल्ली जल बोर्ड से जुड़ी कैग रिपोर्ट ने यमुना की हालत और शहर के पानी-सीवर सिस्टम की खामियों को उजागर किया है। विधानसभा में रिपोर्ट पर चर्चा के बाद सरकार ने सुधार के लिए एक्शन मोड में आने का दावा किया है।

यमुना की खराब हालत और पानी-सीवर व्यवस्था की कमजोरियों को लेकर कैग रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने रखे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 200 एमजीडी से ज्यादा बिना ट्रीटमेंट का सीवेज सीधे यमुना में जा रहा है, जबकि 1000 से अधिक कॉलोनियां अब भी सीवर नेटवर्क से बाहर हैं। इस मुद्दे पर जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने माना कि वर्षों से चली आ रही व्यवस्थागत कमियों के कारण हालात बिगड़े हैं, लेकिन अब सरकार ने सुधार के लिए ठोस और समयबद्ध योजना पर काम शुरू कर दिया है।

**200 एमजीडी पानी अब भी नहीं मिल रहा :** मंत्री ने कहा कि दिल्ली को करीब 1200 एमजीडी पानी की जरूरत है, जबकि सप्लाई लगभग 1000 एमजीडी ही हो रही है। इसके अलावा नॉन-रेवेन्यू वाटर लॉस 45 से 53 फीसदी तक पहुंच गया है, जो सिस्टम की बड़ी कमजोरी को दिखाता है। करीब 30 लाख घरों में नियमित जल कनेक्शन नहीं होने से समस्या और बढ़ रही है।

**सीवेज ट्रीटमेंट क्षमता बढ़ाई जाएगी :** मंत्री ने कहा कि यमुना की सफाई का सबसे बड़ा रास्ता बिना ट्रीटमेंट वाले सीवेज को रोकना है। इसके लिए 35 नए और अपग्रेडेड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे और ट्रीटमेंट क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाई जाएगी। नजफगढ़ नाले समेत बड़े नालों का इन-सीटू ट्रीटमेंट भी योजना में शामिल है। उन्होंने दावा किया कि अगले 2 से 2.5 साल में ट्रीटमेंट क्षमता जरूरत से ज्यादा हो जाएगी। सीवर नेटवर्क को लेकर भी सरकार ने बड़ा लक्ष्य रखा है। अभी करीब 20 लाख घर इससे बाहर हैं। सरकार 1799 अनधिकृत कॉलोनियों तक सीवर लाइन पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। पिछले एक साल में 180 किलोमीटर से ज्यादा नई लाइन बिछाई गई है और 400 से अधिक कॉलोनियों में काम जारी है। सेप्टिक टैंक सिस्टम में गड़बड़ियों को खत्म करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड नई पारदर्शी व्यवस्था ला रहा है। इसमें डिजिटल बुकिंग और अपने टैंकर शामिल होंगे।

**जल बोर्ड को 4988 करोड़ का नुकसान :** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भी कैग रिपोर्ट के अहम बिंदु सदन में रखे।

उन्होंने बताया कि जल नीति का अभाव, परियोजनाओं में देरी, भूजल प्रबंधन की कमी और करीब 4988 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान जैसे गंभीर मुद्दे सामने आए हैं।

# ग्रीन बजट सर्वसम्मति से पास होने के साथ ही दिल्ली विधानसभा सत्र का समापन, विपक्ष की गैर हाजिरी पर चिंता



**नई दिल्ली।** विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन वर्ष 2026-27 का ग्रीन बजट सर्वसम्मति से पास हो गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्रियों ने बजट पर चर्चा के दौरान इसकी खूबियां गिनाईं। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लगता है कि आम आदमी पार्टी ने सड़क पर ही रहने का फैसला कर लिया है। दिल्ली की जनता इन्हें अगली बार स्थायी सड़क पर ही कर देगी।

विधानसभा में शुक्रवार को बजट सत्र के अंतिम दिन ग्रीन बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। हालांकि बजट में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया, लेकिन चर्चा के दौरान राजनीतिक माहौल काफी गरम रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली अब नई दिशा में आगे बढ़ेगी, जहां हर रुपये का हिसाब होगा और अधूरे काम पूरे किए जाएंगे। सत्र के दौरान साइकिल वितरण योजना को लेकर हुई बयानबाजी पर मुख्यमंत्री नाराज दिखीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बेटियों को लेकर किसी भी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**विपक्ष की गैरहाजिरी सत्र में बड़ा मुद्दा बनी :** आम आदमी पार्टी के विधायक लगातार सदन से दूर रहे, जिस पर सत्तापक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्हें जनता ने अपनी आवाज उठाने के लिए चुना, वे ही सदन में नहीं आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि विपक्ष ने अब सड़क की राजनीति करने का फैसला कर लिया है। जनता इसका जवाब चुनाव में देगी।

**पिछली सरकार 47,000 करोड़ कर्ज छोड़ गई :** वित्तीय स्थिति पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार दिल्ली पर करीब 47,000 करोड़ रुपये का कर्ज छोड़कर गई, जिसमें 27,547 करोड़ रुपये अभी भी बकाया है। इसके अलावा कई बड़ी परियोजनाएं अधूरी छोड़ी गईं, जिनकी जिम्मेदारी अब वर्तमान सरकार को उठानी पड़ रही है।

## तेलंगाना की ऑप्टिकल दुकान में लगी आग

**बोवेनपल्ली।** हैदराबाद के बोवेनपल्ली में शनिवार को एक ऑप्टिकल दुकान में आग लग गई। सूचना मिलते ही दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने का कारण और संपत्ति के नुकसान का आकलन अभी नहीं हो पाया है।

एक फायर अधिकारी ने बताया कि आग सुबह 11:41 बजे लगी थी। दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोका। इस संबंध में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इसी महीने की शुरूआत में तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरी जिले में भी आग लगी थी। यह घटना बचुपल्ली पुलिस थाना क्षेत्र के विघ्न कॉलेज के पास हुई। उस घटना में भी कोई हताहत नहीं हुआ था।

# ओडिशा में दर्दनाक हादसाः नयागढ़ में टूरिस्ट बस पलटी, पांच की मौत



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे और तेज तूफान ने मिलकर तबाही मचा दी। नयागढ़ जिले में एक टूरिस्ट बस के पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। वहीं, मयूरभंज और पुरी जिलों में आए तेज आंधी-तूफान के कारण तीन लोगों की जान चली गई।

**नयागढ़ में बस हादसाः तेज रफ्तार बनी वजह –** पुलिस के मुताबिक, यह हादसा रात करीब 2 बजे हनुमान घाटी रोड पर दासपल्ला इलाके में हुआ, जब 55 यात्रियों से भरी बस मोड़ लेते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। शुरूआती जांच में तेज रफ्तार को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। मृतकों की पहचान हरी पात्रा, लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, सुमति और चालक प्रवीण कुमार साहू के रूप में हुई है, जो सभी बरहामपुर के निवासी थे। घायलों को तुरंत बचाव दल ने बाहर निकालकर दासपल्ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई भयावह स्थिति –** घायल यात्री आर्य पात्रा के अनुसार, बस 100 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चल रही थी और अचानक पलट गई। कुछ यात्री बाहर जा गिरे, जबकि कई लोग बस के नीचे दब गए। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 4 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने भी शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## ममता बनर्जी का भाजपा पर बड़ा हमला

# 'बंगाल से भाजपा का अंत तय'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में चुनावी गर्मी तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा बंगाल को कमजोर करने की कोशिश करेगी, तो उसे पूरे देश की सत्ता गंवानी पड़ेगी। रानीगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने साफ कहा कि बंगाल की जनता भाजपा को जवाब देगी। और बंगाल से भाजपा का अंत करेगी।

रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी लगातार चौथी बार विधानसभा चुनाव जीतकर सत्ता में आएगी। उन्होंने यह भी एलान किया कि जीत के बाद वह सभी विपक्षी दलों को साथ लेकर दिल्ली की सत्ता को चुनौती देंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अगर राज्य में आई तो बुलडोजर राजनीति करेगी और लोगों को उनके घरों से बाहर कर देगी।

> 'अगर भाजपा बंगाल को कमजोर करने की कोशिश करेगी, तो उसे पूरे देश की सत्ता गंवानी पड़ेगी।'

**क्या भाजपा को बंगाल से देश में नुकसान होगा? :** ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल को निशाना बना रही है, लेकिन इसका असर उल्टा पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि बंगाल को कमजोर करने की कोशिश भाजपा के लिए पूरे देश में भारी पड़ेगी। उनके मुताबिक, जनता भाजपा की नीतियों से नाराज है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी।

**चुनाव आयोग पर क्या आरोप लगाए? :** ममता ने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान नाम हटाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि यह काम भाजपा के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसकी एक सीमा होती है, लेकिन भाजपा हर सीमा पार कर रही है।

### राम नवमी हिंसा क्या बोलीं ममता

मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज इलाके में राम नवमी के जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर भी ममता ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की। उन्होंने वादा किया कि सत्ता में लौटने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

राम नवमी के दौरान कई जगह पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। इसके बाद पुलिस ने जंगीपुर और रघुनाथगंज इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। चुनावी माहौल में इन घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### दिल्ली की कुर्सी पर भी ममता की नजर

ममता बनर्जी ने साफ संकेत दिया कि उनका लक्ष्य सिर्फ बंगाल तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि वह विपक्षी दलों को एकजुट कर दिल्ली में भी भाजपा को चुनौती देंगी।

इससे साफ है कि आने वाले समय में राष्ट्रीय राजनीति में भी टकराव और तेज हो सकता है।

# केरल में चुनाव से पहले सियासी संग्राम तेज, कांग्रेस नेता सतीशन पर आरएसएस से मदद लेने का आरोप



**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। संघ परिवार से जुड़े नेता आरवी बाबू ने यूडीएफ चेयरमैन वीडी सतीशन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि सतीशन ने 2001 और 2006 के विधानसभा चुनाव जीतने के लिए आरएसएस से समर्थन मांगा था। इस आरोप के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

सतीशन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी आरएसएस या भाजपा से वोट नहीं मांगे। उनका कहना है कि यह आरोप राजनीतिक वजह से लगाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आरोप लगाने वाले नेता उनके खिलाफ पहले से ही पक्षपात रखते हैं।

आर वी बाबू ने कहा कि सतीशन पहले आरएसएस के कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार करते थे, लेकिन बाद में उन्होंने इसे स्वीकार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर एक बात पर सच सामने आया, तो बाकी मामलों में भी सच्चाई सामने आएगी। बाबू ने दावा किया कि चुनाव जीतने के लिए सतीशन ने आरएसएस से मदद ली थी।

सतीशन ने साफ कहा कि यह आरोप झूठे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आरएसएस या भाजपा के साथ कोई समझौता होता, तो उनके विरोधी उन्हें हराने की बात नहीं करते। उन्होंने इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश बताया। सतीशन ने पलटवार करते हुए सीपीआई(एम) और आरएसएस के संबंधों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब उनकी पार्टी को कुछ संगठनों का समर्थन मिलता है, तो सवाल उठाए जाते हैं, लेकिन दूसरी तरफ के संबंधों पर चुप्पी रहती है।

सतीशन ने सबरीमाला मामले और अन्य विवादों का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीपीआई(एम) अपने नेताओं को बचा रही है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से एफसीआरए कानून में बदलाव के प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की। इस पूरे विवाद के बाद केरल की राजनीति में तनाव और बढ़ गया है।

## मणिपुर में सुरक्षा बलों ने सात उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**मणिपुर।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने राज्य में बम धमाकों और अन्य अवैध गतिविधियों में कथित संलिप्तता के आरोप में सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए उग्रवादी चार प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े हैं। पुलिस के अनुसार, बैन किए गए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का सक्रिय सदस्य मणिपुर-भारत सीमा के पास, मोरेह थाना क्षेत्र में तेनगनुपाल जिले से पकड़ा गया। वहीं, इम्पल ईस्ट के विभिन्न क्षेत्रों से तीन अन्य सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं, जिन पर व्यवसायियों को निशाना बनाने वाले ब्म्ऊधमाकों में शामिल होने का आरोप है। उनके कब्जे से तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस और दो डेटोनेटर बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को मोरेह थाना क्षेत्र में कांगलेइपक कम्युनिस्ट पार्टी और कांगलेइ यावोल कन्ना लुप के एक-एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया।

इसके अलावा, इम्पल वेस्ट जिले के थांगमाइबंड में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट का एक सक्रिय सदस्य भी हिरासत में लिया गया।

# ट्रांस-अरुणाचल राजमार्ग भूमि अधिग्रहण मुआवजा घोटाले में ईडी की कार्रवाई

## 2.37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ट्रांस-अरुणाचल राजमार्ग (टीएएच) भूमि अधिग्रहण मुआवजे घोटाले में कार्रवाई करते हुए 2.37 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त कर ली है। जब्त की गई संपत्तियों में 47,350 वर्ग मीटर जमीन भी शामिल है।

इनमें से एक संपत्ति अरुणाचल प्रदेश के डोलो गांव, कुरुंग कुमे जिले में स्थित है। यह संपत्ति, तादार बाबिन के नाम पर है।

दूसरी संपत्ति में एक पारंपरिक घर है, जो केयी पान्योर जिले के याचुली के जठ गांव में स्थित है। ये संपत्ति 'लिखा माज' के नाम पर है। ये दोनों संपत्तियां, सरकारी मुआवजे की धनराशि के धोखाधड़ीपूर्ण दुरुपयोग से प्राप्त अपराध की आय से खरीदी गई हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है।

यह जांच ट्रांस-अरुणाचल राजमार्ग (टीएएच) परियोजना (पोटिन-बोपी खंड) के तहत भूमि अधिग्रहण मुआवजे के आकलन और वितरण में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं से संबंधित है। तथ्य-जांच समिति (एफएफसी) के निष्कर्षों से पता चला है कि स्वीकार्य मुआवजे के मुकाबले लगभग 44.98 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया है। इसके चलते सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ है।

# गोवा क्लब अग्निकांड मामले में लूथरा भाइयों बड़ा झटका, कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत



**पणजी।** गोवा के चर्चित नाइटक्लब अग्निकांड मामले में बड़ा मोड़ आ गया है। अदालत ने क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब इस मामले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए लाइसेंस लेने के गंभीर आरोप लगे हैं। 6 दिसंबर 2025 को हुए इस हादसे में 25 लोगों की मौत और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिससे पूरे देश में हड़कंप मच गया था।

मापुसा की अतिरिक्त सत्र अदालत ने शुक्रवार को दोनों भाइयों की याचिका खारिज कर दी। उनके वकील पराग राव ने बताया कि कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। फिलहाल दोनों आरोपी नॉर्थ गोवा की कोलवाले सेंट्रल जेल में बंद हैं। आग लगने के बाद दोनों थाईलैंड भाग गए थे, लेकिन 17 दिसंबर को उन्हें वहां से डिपोर्ट कर भारत लाया गया था।

मापुसा पुलिस ने लूथरा भाइयों के खिलाफ फर्जीवाड़े का केस दर्ज किया है। आरोप है कि उन्होंने एक्साइज विभाग से लाइसेंस लेने के लिए नकली दस्तावेज जमा किए। खास तौर पर स्वास्थ्य अधिकारी के हस्ताक्षर फर्जी बनाकर एनओसी तैयार की गई और उसी के आधार पर क्लब चलाया गया।

क्या पुलिस जांच में नए खुलासे हुए हैं?

अंजुना पुलिस पहले से ही आग की घटना की जांच कर रही थी। इसी दौरान फर्जी दस्तावेजों का मामला सामने आया।

## गोवा यौन स्कैंडलः 100 से ज्यादा नाबालिग पीड़ितों का दावा

**गोवा।** गोवा में सामने आए कथित यौन स्कैंडल को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित पाटकर ने शनिवार को दावा किया कि इस मामले में 100 से अधिक नाबालिग लड़कियां पीड़ित हो सकती हैं और शुरूआत में पुलिस ने मामला दर्ज करने में ढिलाई बरती। यह मामला दक्षिण गोवा के कुर्चोरम नगर परिषद के एक पार्षद के बेटे सोहम नाइक (20) से जुड़ा है, जिसे 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

उस पर नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाने और उन्हें प्रसारित करने के आरोप हैं। उसके खिलाफ ढडउरड एक्ट, गोवा चिल्ड्रन एक्ट, भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत कई मामले दर्ज किए गए हैं।

कांग्रेस की महिला इकाई द्वारा आयोजित विरोध मार्च के दौरान अमित पाटकर ने आरोप लगाया कि यह अपराध पिछले तीन वर्षों से जारी था और सामने आए आंकड़ों से कहीं ज्यादा बड़ा हो सकता है।

# अयोध्या के महायज्ञ में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी



**अयोध्या।** अयोध्या के राजघाट में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, स्वामी जी महाराज के द्वारा कराया जा रहा है। महायज्ञ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में कराया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की रेस्क्यू टीम मौके पर मौजूद हैं और रेस्क्यू में जुटी हैं।

मौके पर दमकल की चार गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ राजघाट बाटी वाले बाबा घाट के निकट चल रहा था तभी आग लग गई।

प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह भी मौजूद हैं।

**अखिलेश यादव बोले- प्रशासन की कमी :** अयोध्या में यज्ञ के बाद लगी आग सही प्रबंधन-प्रशासन की कमी को दशार्ती है। आशा है सब सुरक्षित होंगे। इस बात की जांच हो कि इस यज्ञ की व्यवस्था के पीछे जो आर्थिक और मानवीय स्रोत लगे थे, उनके पीछे कौन था। जनता में फैली ये बात बेहद निंदनीय है कि इस यज्ञ के नाम पर मंत्री जी से संबंधित विभाग से विभागीय स्तर पर बड़ी वसूली हुई और पैसे बचाने के चक्कर में विशेषज्ञों की देखरेख के बिना ही ये आयोजन हुआ।

## दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर करने पर अदालत सख्त



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सबसे कड़े शब्दों में निंदनीय बताया है। शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट के आदेशों में पीड़िता या उसके परिवार की पहचान किसी भी रूप में सामने न आए।

न्यायमूर्ति संजय करोल और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2018 के निपुण सक्सेना बनाम यूनियन ऑफ इंडिया फैसले में स्पष्ट किया गया था कि किसी भी माध्यम (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया) में पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके बावजूद निचली अदालतों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। रविवार 29 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पीएम मोदी की जनसभा में पूरे उत्साह के साथ नजर आयी गाजियाबाद की भाजपा

## सांसद अतुल गर्ग से लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सहित सभी जनप्रतिनिधियों से की प्रधानमंत्री ने मुलाकात










गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में गाजियाबाद से बड़ी संख्या में भाजपाई बसों में सवार होकर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक संजीव शर्मा, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, विधायक अजितपाल त्यागी, राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से मुलाकात की। सभी जनप्रतिनिधि पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ जनसभा में शामिल हुए।

## पीएम के जेवर उद्घाटन पर, करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक रामकुमार तोमर हाउस अरेस्ट



### - बोले दबाई जा रही आवाज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन कार्यक्रम से पहले क्षेत्र का माहौल पूरी तरह राजनीतिक रूप से गरमाता दिखा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच विरोध की आवाजों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक रामकुमार तोमर ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यक्रम से ठीक पहले पुलिस द्वारा उनके जिला अध्यक्ष के घर पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया गया। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें खुद भी उनके घर पर नजरबंद कर दिया गया है। वहीं करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक रामकुमार तोमर ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार हर नागरिक को है, लेकिन जिस तरह से पुलिस का इस्तेमाल कर हमें घरों में कैद किया जा रहा है, यह बेहद चिंताजनक है। क्या यही लोकतंत्र है?। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से वे डरने वाले नहीं हैं और उनका विरोध आगे भी जारी रहेगा। उधर सूत्रों के अनुसार, एयरपोर्ट उद्घाटन को देखते हुए प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती कदम उठाए गए, जिसके तहत कुछ लोगों को नजरबंद किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस पूरे मामले में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि या बयान जारी नहीं किया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन एक बड़े सरकारी कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें उच्च स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। ऐसे में किसी भी तरह के विरोध या प्रदर्शन को रोकने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा।

## दादरी में आज समाजवादी पार्टी की भाईचारा रैली

# गाजियाबाद से 25 बसें और 500 गाड़ियां होंगी रवाना



### प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग बोले–ऐतिहासिक होगी रैली, बिना किराए की भीड़ के जुटेंगे कार्यकर्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा और आसपास का क्षेत्र इन दिनों राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। एक ओर जहां शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया, वहीं आज रविवार को अखिलेश यादव दादरी में आयोजित भाईचारा रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।



### ऐतिहासिक होगी दादरी रैली : अभिषेक गर्ग



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने रैली को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि यह रैली पूरी तरह से ऐतिहासिक साबित होगी। उन्होंने कहा इस बार का माहौल अलग है। इस रैली में किसी भी तरह की किराए की भीड़ नहीं लाई जा रही है। न मजदूरों को जुटाया गया है और न ही कॉलेज या यूनिवर्सिटी के छात्रों को बुलाया गया है। जो भी इसमें शामिल होगा, वह विचारधारा से समाजवादी होगा और अपनी इच्छा से आएगा। उन्होंने आगे कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में होने वाली यह रैली आने वाले समय में उत्तर प्रदेश की राजनीति और चुनावी माहौल को बदलने का काम करेगी। सपा नेता अभिषेक गर्ग का मानना है कि दादरी की यह रैली केवल एक सभा नहीं, बल्कि एक बड़ा राजनीतिक संदेश होगी। इससे प्रदेश में समाजवादी पार्टी की स्थिति और मजबूत होगी और आगामी विधानसभा चुनावों में इसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देगा।

### अखिलेश देंगे भाईचारा और एकता का संदेश

करंट क्राइम : सपा पार्टी नेताओं ने साफ किया कि यह रैली किसी एक जाति या धर्म के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए है। इसका उद्देश्य समाज में भाईचारा, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। नोएडा–दादरी क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन बड़े राजनीतिक आयोजन हो रहे हैं। ऐसे में आज की सपा रैली पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। गाजियाबाद से जा रहे बड़े काफिले और कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए यह रैली राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



गाजियाबाद से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के दादरी पहुंचने की तैयारी की गई है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण रैली को सफल बनाने के लिए गाजियाबाद से करीब 25 बसों और 500 से अधिक निजी वाहनों का इंतजाम किया गया है। इन वाहनों के जरिए हजारों कार्यकर्ता दादरी पहुंचेंगे और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में सद्भाव, भाईचारे और एकता का संदेश देने वाली रैली है, जिसमें हर वर्ग और समाज के लोग शामिल होंगे।

# किस पूर्व अध्यक्ष ने कर दिया सरकारी कृपा से इंकार!

### वो चाहते हैं सेवाओं के सम्मान में बड़ा उपहार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। कृपा वाली सूचि आ चुकी और जिसे संगठन में जाना था वो संगठन में भेजा जा चुकाहै और जिन्हें निगम वाले सदन में भेजकर जनप्रतिनिधि बनाना था उन्हें जनप्रतिनिधि बनाया जा चुका है। संगठन की टीम में पुराने चेहरों को स्थान मिला है। वरिष्ठता को सम्मान मिला है वहीं सरकारी कृपा वाले सीन में भी अनुभव और ऊर्जा दोनों का संतुलन साधा गया है। वरिष्ठ भाजपा चेहरों को सम्मान मिला है और युवा चेहरों में भी उन चेहरों को स्थान मिला है जो उतने साधन सम्पन्न नहीं है लेकिन पार्टी के लिए हमेशा समर्पित रहते हैं। चर्च तो ये थी कि पहले संगठन की लिस्ट आयेगी और फिर जीडीए बोर्ड सदस्यों की लिस्ट आयेगी और उसके बाद नामित पार्षदों वाली सूचि जारी हो जायेगी। कुछ ही अंतराल पर नामित पार्षद और महानगर संगठन की टीम के नाम आ गये। यहां एक सीन और होना था और वो सीन अभी तक नहीं हुआ है। इस सीन में तीन जीडीए बोर्ड सदस्य बनाये जाने हैं। सूत्र बताते हैं कि इस पर की परम्परा ये रही है कि इस पर उन चेहरों को लिया जाता है जो महानगर अध्यक्ष वाली व्यवस्था में रहे हैं। हालाकि ये कोई हार्ड एन्ड फास्ट रूल नहीं है। लेकिन आम तौर पर ऐसा माना जाता है।



सूत्र बताते हैं कि इस सूची में दो पूर्व महानगर अध्यक्षों का भी नाम था। ये सूची जारी होनी थी। लेकिन चर्चा इस बात को लेकर है कि कहीं इंकार हुआ तो फिर होल्ड वाला सीन बन गया। सूत्र बताते हैं कि ये लिस्ट तब होल्ड हुई जब एक पूर्व महानगर अध्यक्ष ने जीडीए बोर्ड वाली कृपा पाने से इंकार कर दिया। उन्होंने खुद को इस पूरे फ्रेम से अलग किया। संदेश लखनऊ तक गया और फिर पूर्व महानगर अध्यक्ष के फैसले के बाद सूची होल्ड हो गयी। सूत्र बताते हैं कि पूर्व महानगर अध्यक्ष बड़ी कृपा चाहते हैं। वो काफी हद तक सही है क्योंकि उनकी वरिष्ठता और पार्टी के प्रति उनका समर्पण कई संघर्ष और आंदोलनों को अपने आप में समेटे हुए है।

ऐसे में वो बड़ी व्यवस्था में शामिल होना चाहते हैं। ये व्यवस्था विधान परिषद वाली भी हो सकती है। ये व्यवस्था दर्जा प्राप्त वाली भी हो सकती है। बहरहाल अब गेंद शासन के पाले में है। फैसला सरकार को लेना है। इस बात को लेकर भी सियासी गलियारों में कदम ताल तेज हो गयी है। क्योंकि इंकार वाली खबर भी बड़े पॉलिटिकल गलियारों में बाहर आ गयी है और नये दावेदारों ने चुप चाप अपनी दावेदारी की पैरोकारी शुरू कर दी है।

# ऑपरेशन प्रहार घर-घर तक पहुंचेगी खाकी, नशे के खिलाफ पुलिस का बड़ा जनअभियान

## पोस्टर-बैनर से लेकर घर-घर पंपलेट तक चलेगा जागरूकता अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रंविदर गौड के नेतृत्व में चल रहे ऑपरेशन प्रहार को अब दूसरे चरण में और अधिक प्रभावी बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

पुलिस द्वारा कमिश्नरेट के सभी थानों, चौकियों, बाजारों, सोसाइटी क्षेत्रों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर, बैनर और पंपलेट लगाए जा रहे हैं। इन माध्यमों से आम जनता, खासकर युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की जा रही है। पुलिस इस अभियान से नशा छोड़ें और युवाओं का भविष्य संवारें का काम करेगी। तो पुलिस कमिश्नर जे रंविदर गौड का स्पष्ट मानना है कि नशे पर नियंत्रण ही अपराध पर नियंत्रण की कुंजी है। ऑपरेशन प्रहार के जरिए पुलिस न केवल अपराधियों पर शिकंजा कस रही है, बल्कि समाज को जागरूक कर एक सकारात्मक माहौल भी तैयार कर रही है। इसमें गाजियाबाद पुलिस का संदेश साफ है नशे से दूरी ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी भी है।

### अब घर-घर पहुंचेगा ऑपरेशन प्रहार




करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों के अनुसार, अभियान के दूसरे चरण में पुलिस ऑपरेशन प्रहार को घर–घर तक पहुंचाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत पंपलेट वितरण अभियान चलाया जाएगा, जो सोसाइटी, बाजार, जनप्रतिनिधियों के कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों तक विस्तारित होगा। पुलिस का मानना है कि यदि नशे की उपलब्धता पर सख्ती से रोक लगाई जाए और लोगों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए, तो युवा पीढ़ी को अपराध की राह पर जाने से रोका जा सकता है।

### तीनों जोन में चल रही सख्त कार्रवाई




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में ऑपरेशन प्रहार के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। नशे के कारोबार में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी, अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी और सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे सामाजिक जागरूकता से जोड़कर स्थायी समाधान की दिशा में काम किया जा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों का भी मिल रहा भरपूर समर्थन




करंट क्राइम : ऑपरेशन प्रहार को जनप्रतिनिधियों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, महापौर सुनीता दयाल, शहर विधायक संजीव, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने इस पहल की सराहना की है। इन सभी ने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को सुरक्षित बनाने में पुलिस का सहयोग करने और ऑपरेशन प्रहार की प्रशंसा की है।

# जिलाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ द्वारा जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित ई.वी.एम. वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और रखरखाव का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने सीसीटीवी व्यवस्था, साफ-सफाई और रखरखाव का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम वेयरहाउस में सुरक्षा, साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का नियमित रूप से पालन किया जाए। वेयरहाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त रखी जाएं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे ।

29 Mar -26 page 4 28-03-2026 10:30 PM Page 1



## संपादकीय

# ईंधन संकट पर भरोसा

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत सरकार ने जनता भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। भारत के पास पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। अगर सभी लोग अफवाहों से दूर रहें, जरूरत भर ही खरीदारी करें तो किसी भी कृत्रिम संकट को टाला जा सकता है। सरकार ने जनता को फिर भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और छढ‌ऋ की कोई कमी नहीं है। भारत के पास पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। मौजूदा हालात में लोगों के बीच पनप रहे डर और आशंकाओं को देखते हुए इस तरह के भरोसे की जरूरत है। इस पैनिक की वजह अफवाहें और कुछ हद तक कालाबाजारी भी है। ईरान युद्ध ने बेशक ग्लोबल ऑयल सप्लाई पर असर डाला है, लेकिन यह पूरी तरह से रुकी नहीं है। फिर भारत के पास अपना रिजर्व भी है, जो सरकार के मुताबिक 60 दिनों के लिए पर्याप्त है। साथ ही अगले दो महीने के क्रूड की खरीद पहले ही सुनिश्चित हो चुकी है और छढ‌ऋ का घरेलू उत्पादन भी 40% बढ़ चुका है।

ईरान का रुख । भारत अपने तेल आयात में लगातार विविधता ला रहा है और इस समय भी 41 से ज्यादा देशों से खरीद हो रही है। इसका मतलब है कि देश पूरी तरह से पश्चिम एशिया पर निर्भर नहीं है। फिर, भारत के कुछ वेसल को ईरान ने होर्मुज से निकलने भी दिया है। तेहरान का यह कहना भी सकारात्मक संदेश है कि भारत जैसे मित्र देशों के जहाज होर्मुज से निकल सकते हैं।

भरोसा बनाए रखें जंग में कई तरह की खबरें आती हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि सभी सही हों। कुछ का मकसद होता है अफरातफरी पैदा करना। मुनाफाखोर इसी की ताक में रहते हैं। अभी जो माहौल बन रहा है, वह भी अफवाहों और आधी-अधूरी खबरों की देन है। सरकार ने लोगों से संकट के लिए तैयार रहने को जरूर कहा है, पर इसका यह मतलब नहीं है कि देश गंभीर ऊर्जा संकट से घिर चुका है। घबराने की बजाय जरूरत है कि भरोसेमंद माध्यमों से मिलने वाली खबरों पर ही यकीन किया जाए और मुनाफाखोरों-कालाबाजारी करने वालों को कोई मौका न दिया जाए। असली परीक्षा अमेरिका-इस्राइल और ईरान युद्ध ने पूरी दुनिया के ही सामने चुनौती पेश की है। आज की दुनिया पहले से कहीं ज्यादा कनेक्टेड है। इसलिए इस युद्ध से भारत भी अछूता नहीं रह सकता। इस सच को स्वीकार करने के साथ यह भी समझने की जरूरत है कि कालाबाजारी करने वाले ऐसे मौकों का फायदा उठाते हैं। इस पर सरकार को भी नजर रखनी चाहिए। अगर सभी लोग अफवाहों से दूर रहें, जरूरत भर ही खरीदारी करें और सरकार के साथ सहयोग करें तो किसी भी कृत्रिम संकट को टाला जा सकता है।

# आरबीआई से लेकर वैश्विक तेल संकट तक अर्थव्यवस्था पर दबाव, महंगाई और बाजार को लेकर बढ़ी चिंता

### आईबीआई ने 65,322 करोड़ की नकदी डाली, सिस्टम में बनी तरलता की जरूरत



**नई दिल्ली।** आरबीआई ने शुक्रवार को बैंकिंग प्रणाली में वीआरआर नीलामी के जरिये 65,322 करोड़ की नकदी डाली। वीआरआर यानी परिवर्तनीय रेपो दर बैंकों में नकदी डालने के लिए उपयोग की जाने वाली मौद्रिक नीति है। अग्रिम कर भुगतान और जीएसटी निकासी के कारण डाली गई राशि 75,000 करोड़ से कम रही। 26 मार्च तक बैंकों में 48,698.38 करोड़ रुपये की नकदी थी।

युद्ध से वैश्विक तेल आपूर्ति में रोजाना 1.1 करोड़ बैरल की कमी पश्चिम एशिया युद्ध के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति से करीब 1.1 करोड़ बैरल प्रतिदिन की कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इस संकट को 1970 के दशक के तेल संकट और रूस-यूक्रेन गैस संकट से भी बड़ा बताया है। विश्लेषकों का अनुमान है कि युद्ध गहराया तो तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच सकती हैं। ईरान युद्ध को लेकर चल रही कूटनीतिक बातचीत के बीच शुक्रवार को तेल की कीमतों में हल्की गिरावट देखी गई, लेकिन वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत मामूली गिरकर 107.97 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड भी घटकर 94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पिछले कुछ हफ्तों में कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। निवेशकों को डर है कि संघर्ष जल्द खत्म नहीं होगा, जिससे ऊर्जा बाजार पर दबाव जारी रह सकता है। उधर, डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने की समयसीमा 10 दिन बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी है और ईरान से होर्मुज को दोबारा खोलने की मांग की है।

### आईफोन पर चलेंगे एक साथ दो वॉट्सएप खाते

मेटा के स्वामित्व वाले वॉट्सएप ने नई सेवाओं की पेशकश की। इसके तहत एपल आईफोन उपयोगकर्ता अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा इमेज एडिटिंग और संदेश लिखने के लिए नए टूल भी जोड़े गए हैं। इस अपडेट के बाद उपयोगकताओं को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### शीर्ष शहरों में घरों की बिक्री 7 फीसदी घटी

देश के रियल एस्टेट सेक्टर में जनवरी से मार्च 2026 के दौरान हाउसिंग बिक्री में तिमाही आधार पर गिरावट देखने को मिली। एनरॉक के मुताबिक, पश्चिम एशिया संकट के चलते बाजार पर दबाव बना रहा। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में देश के टॉप-7 शहरों में कुल 1,01,675 घरों की बिक्री हुई, जो पिछले साल के मुकाबले 9 फीसदी ज्यादा है।

### इस साल गेहूं की पैदावार बढ़ने की उम्मीद

भारत में 2026 में गेहूं की पैदावार पिछले साल के मुकाबले बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से पकती हुई फसल को नुकसान पहुंचने के कारण यह शुरूआती अनुमानों से कम रह सकती है।

# सरकार का बड़ा उधार प्लान: 6 महीने में 8.2 लाख करोड़ जुटाने की तैयारी, ग्रीन बॉन्ड भी शामिल

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-सितंबर अवधि में राजस्व घाटा पूरा करने के लिए 8.2 लाख करोड़ रुपये उधार लेने की योजना बना रही है। इसमें 15,000 करोड़ रुपये के संप्रभु ग्रीन बॉन्ड शामिल हैं। पहले से 17.2 लाख करोड़ रुपये सकल बाजार उधार प्रस्तावित था, जो अदला-बदली के बाद 16.09 लाख करोड़ रुपये रह गया।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्र सरकार राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए 2026-27 की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान प्रतिभूतियों के माध्यम से 8 लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। वित्तीय घाटे को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में सकल बाजार उधार 17.20 लाख करोड़ रुपये था। बजट पेश होने के बाद से राजकोषीय प्रतिभूतियों की अदला-बदली की गई, जिससे सकल बाजार उधार घटकर 16.09 लाख करोड़ रुपये रह गया। मंत्रालय ने कहा, 16.09 लाख करोड़ रुपये में से, 8.20 लाख करोड़ रुपये (51 प्रतिशत) पहली छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से उधार लेने की योजना है, जिसमें 15,000 करोड़ रुपये के संप्रभु ग्रीन बॉन्ड शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट



में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत अनुमानित राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए 17.2 लाख करोड़ रुपये उधार लेने का प्रस्ताव रखा था। पूर्ण रूप से, 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा 16.9 लाख करोड़ रुपये आंका गया है। बयान के अनुसार, 8.2 लाख करोड़ रुपये का सकल बाजार उधार 26 साप्ताहिक नीलामियों के माध्यम से पूरा किया जाएगा।

# पश्चिम एशिया तनाव का असर: एशिया-प्रशांत की ग्रोथ घटने और महंगाई बढ़ने का खतरा

### महंगे ऊर्जा शुल्क और सप्लाई चेन बाधित होने से बढ़ी चिंता



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर दिख रहा है। अगर संकट लंबा चला तो 2026-27 में आर्थिक वृद्धि में 1.3 प्रतिशत अंक की कमी और महंगाई में 3.2 फीसदी वृद्धि हो सकती है। तनाव से ऊर्जा शुल्क बढ़े हैं, आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है और व्यापार प्रभावित हुआ है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। अगर यह संकट लंबा चलता है तो 2026-27 के दौरान क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में 1.3 फीसदी अंक तक गिरावट आ सकती है, जबकि महंगाई 3.2 फीसदी बढ़ सकती है। कहा जा रहा कि संघर्ष का असर मुख्य रूप से महंगे ऊर्जा शुल्क, आपूर्ति शृंखला में बाधा, व्यापार में रुकावट और वित्तीय परिस्थितियों के सख्त होने के रूप में सामने आ रहा है। रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया के देशों का पश्चिम से सीधा व्यापार भले कम हो, लेकिन वे ऊर्जा आयात और वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर निर्भर होने के कारण ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं।

### आर्थिक गतिविधियों पर पड़ेगा विपरीत प्रभाव

रेटिंग एजेंसी इक्रा का कहना है, अगर संघर्ष जल्दी खत्म हो जाता है तो इसका असर सीमित रह सकता है। अगर हालात लंबे समय ऐसे ही तक बने रहते हैं तो यह क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। एशियाई विकास बैंक ने सरकारों को सलाह दी है कि वे आर्थिक स्थिरता बनाए रखें, ऊर्जा की खपत को नियंत्रित करें और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर तेजी से काम करें। साथ ही, सब्सिडी और कीमत नियंत्रण के बजाय जरूरतमंद वर्गों के लिए सीमित समय के समर्थन उपाय अपनाने पर जोर दिया गया है।

### खाड़ी देशों से आने वाले धन में कमी

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चेतावनी दी है कि शिपिंग में रुकावट से लागत बढ़ेगी, उत्पादन में देरी होगी और आपूर्ति शृंखला पर दबाव बढ़ेगा। उसने कहा, खाड़ी देशों पर निर्भर राष्ट्रों को झटका लग सकता है, क्योंकि वहां आर्थिक गतिविधियां कमजोर होने से प्रवासी कामगारों की आय घट सकती है। इससे रेमिटेंस (विदेश से आने वाला पैसा) कम हो सकता है।

# एचपीसीएल का बड़ा बयान: देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं, सप्लाई पूरी तरह सुरक्षित

### रिफाइनरियां फुल कैपेसिटी पर, पर्याप्त भंडार उपलब्ध



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और तेल आपूर्ति को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने देश में ईंधन की उपलब्धता को लेकर बड़ा बयान जारी किया है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि भारत की ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और स्थिर है तथा देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। एचपीसीएल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि भारत की ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित और स्थिर है। पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और सभी फ्यूल स्टेशन सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। कंपनी ने यह भी बताया कि देश की रिफाइनिंग और सप्लाई प्रणाली सुचारु रूप से काम कर रही है। रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर चल रही हैं, भंडार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और भविष्य की आपूर्ति भी सुरक्षित कर ली गई है।

घरेलू उत्पादन में वृद्धि हुई है और आयात भी पूरी तरह सुरक्षित है, जिससे मौजूदा मांग को आसानी से पूरा किया जा रहा है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि पाइप्ड नेचुरल गैस नेटवर्क का विस्तार देश की स्वच्छ ऊर्जा की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है और इसका मौजूदा ईंधन उपलब्धता से कोई संबंध नहीं है।

गौरतलब है कि यह बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### पेट्रोल पंपों पर भीड़ गलत जानकारी का कारण बनी

कुछ क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों पर देखी गई भीड़ को लेकर लढउछ ने साफ किया कि यह स्थिति गलत जानकारी (मिसइन्फॉर्मेशन) के कारण बनी। कंपनी ने लोगों से अपील की कि वे घबराएं नहीं और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

### घेरलू उत्पादन में हुई वृद्धि और आयात पूरी तरह सुरक्षित है

कंपनी की अतिरिक्त एडवाइजरी में भी कहा गया है कि देश के सभी राज्यों में पेट्रोल, डीजल और छढ‌ऋ सामान्य रूप से उपलब्ध हैं और कहीं भी सप्लाई में कोई बाधा नहीं है। भारत का मजबूत रिफाइनिंग नेटवर्क लगातार स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है और कच्चा तेल वैश्विक स्रोतों से नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

### ई-व्हीकल योजना में बड़ा बदलाव: सब्सिडी के लिए तय हुई कीमत सीमा और नई डेडलाइन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने वाली पीएम ई-डीआरईवीई योजना के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। भारी उद्योग मंत्रालय की नई अधिसूचना के मुताबिक अब इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर के लिए अलग-अलग अंतिम तारीख और अधिकतम यूनिट सीमा तय कर दी गई है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह योजना पूरी तरह फंड-लिमिटेड है और इसका कुल बजट 10,900 करोड़ निर्धारित है। यदि यह राशि तय समयसीमा से पहले ही खर्च हो जाती है, तो योजना या उसके संबंधित हिस्सों को समय से पहले बंद कर दिया जाएगा और उसके बाद किसी भी तरह के नए दावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा- क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे. अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृष:** अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा. लेकिन खयाल रखें कि इसे नजरअंदाज करना बाद में भारी पड़ सकता है।

**मिथुन:** आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है. आज यदि आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं तो पैसा सोच समझकर खर्च करें।

**कर्क:** आपकी ऊँची बौद्धिक क्षमताएँ आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी. सिर्फ सकारात्मक विचारों के जरिए इन समस्याओं से निजात पायी जा सकती है।

**सिंह:** शाम के समय थोड़ा आराम कीजिए. परिवार के किसी सदस्य के बीमार पड़ने की वजह से आपको आर्थिक परेशानी आ सकती है।

**कन्या:** अपने आप पर एक सीमा के बाद दबाव न डालें और पर्याप्त आराम लें. आज किसी पार्टी में आपकी मुलाकात किसी ऐसे शख्स से हो सकती है।

**तुला:** भागमभाग भरे दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी. ऐसा लगता है आप जानते हैं कि लोग आपसे क्या चाहते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीजों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा. आपको कई स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा।

**धनु:** जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है.।

**मकर:** तली-भुनी चीजों से दूर रहें और रोजाना कसरत करते रहें. आर्थिक तौर पर सुधार तय है।

**कुंभ:** आपका तल्ख बर्ताव जीवनसाथी के साथ आपके संबंधों में तनाव डाल सकता है. कोई भी ऐसा काम करने से पहले इसके परिणामों के बारे में सोच ले

**मीन:** आपमें से कुछ लोगों को आज महत्वपूर्ण फैसला लेने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है, जिससे आप तनावग्रस्त और चिंतित हो सकते हैं।

## चुटकुले

टीटू की दो करोड़ की लॉटरी निकली
लॉटरीवाला- आपको टैक्स काटकर 1.75 करोड़ मिलेंगे
टीटू- ये गलत बात है, मुझे पूरे 2 करोड़ दो
नहीं तो मेरे टिकट के 100 रुपये...

---

दोस्त - भाई तू कल बड़ा दुखी था।
सीटू- हां यार, कल बीवी 25,000 की साड़ी ले आई।
दोस्त - फिर आज खुश क्यों हो?
सीटू- आज वो तेरी बीवी को दिखाने गई है।

---

शौंटी स्कूल में गधा लेकर आया.
टीचर - यह क्यों लेकर आए हो?
शौंटी- मैम, आप ही तो कहती हो कि
मैंने बड़े से बड़े गधों को इंसान बनाया है।

---

शराबी चीकू- एटीएम में पैसे हैं क्या?
गार्ड- हां हैं.
शराबी- निकाल लूं?
गार्ड- हां, निकाल लो
शराबी- लाओ, पेंचकस है क्या?
आज सारा कैश निकाल लूंगा

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# भारतीय रिले टीमों का कमाल, नेशनल्स में रिकॉर्ड बनाकर वर्ल्ड रिले का टिकट किया पक्का

**कराची।** भारत की 4x100m मिक्स्ड रिले टीम ने 42.30 सेकंड का समय निकालकर नेशनल ओपन रिले 2026 में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

शनिवार को पहले इंटरनेशनल इनविटेशनल रिले और तीसरे नेशनल ओपन रिले प्रतियोगिता 2026 में पुरुषों की 4x400 और मिक्स्ड टीम 4x100 रिले स्पधाओं में भारत की बी टीम ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया। दमदार प्रदर्शन के बूते भारतीय रिले टीमों ने इस मई में बोत्सवाना के गैबोरोन में होने वाले वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

प्रतियोगिता में इंडिया बी टीम ने 4x100 मीटर मिक्स्ड रिले में 42.30 सेकंड का समय निकालते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया और नया रिकॉर्ड भी बनाया। इस प्रदर्शन के साथ टीम ने पहले के 43.44 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वहीं, भारत ए टीम ने 42.34 सेकंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता। दोनों टीमों का



प्रदर्शन इतना शानदार रहा कि उन्होंने आसानी से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली।

भारत ए टीम ने सीनियर मिक्स्ड 4x400 मीटर रिले में भी दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को हराया और 3:18.90 सेकंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। इस दौरान भारतीय एथलीटों ने बैटन एक्सचेंज में बेहतरीन तालमेल दिखाया, जो उनकी जीत का अहम कारण बना। प्रतियोगिता में भारत के अलावा नेपाल, मालदीव, भूटान, और श्रीलंका की टीमों ने भी हिस्सा लिया। भारतीय टीम के खिलाड़ियों में गुरिंदरवीर सिंह और तमिलारासु जैसे धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए पूरे आयोजन को जोशपूर्ण बनाया।

भारत की 4x100m मिक्स्ड रिले टीम ने 42.30 सेकंड का समय निकालकर नेशनल ओपन रिले 2026 में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। लालू प्रसाद, उन्नति, हरिता और जयराम की चौकड़ी ने बैटन का आदान-प्रदान बेहद कुशलता से किया और जबरदस्त रफ्तार दिखाते हुए एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

जूनियर वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। तमिलनाडु की अंडर-20 महिला टीम ने 4x100m मीटर रिले में 48.38 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं, चंडीगढ़ की टीम ने अंडर-20 मिक्स्ड 4x100 मीटर रिले में 45.44 सेकंड के साथ गोल्ड मेडल जीता।

एथलेटिक्स फेडरेशन के अनुसार, बोत्सवाना में होने वाली इस प्रतियोगिता में कुल छह रिले स्पधाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें 4x100 मीटर और 4x400 मीटर पुरुष एवं महिला वर्ग के अलावा मिक्स्ड रिले भी शामिल हैं। क्वालिफिकेशन प्रक्रिया 1 जनवरी 2025 से शुरू होकर 5 अप्रैल 2026 तक चलेगी, जिसमें विश्व रैंकिंग में शीर्ष 24 टीमें ही हिस्सा ले सकेंगी।

# ज्वेरेव को हराकर सिनर ने मियामी ओपन के फाइनल में बनाई जगह, जोकोविच मोंटेकार्लो मास्टर्स से हटे

**मियामी।** रविवार को होने वाले फाइनल में, इटली के दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी का मुकाबला चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा। लेहेका ने शुक्रवार को आर्थर फिल्स को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बनाई है।



विश्व नंबर दो यानिक सिनर ने मियामी ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने शुक्रवार शाम अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 7-6(4) से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ, सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में लगातार 32 सेट जीतने का रिकॉर्ड भी बना लिया। इसी के साथ वह लगातार दूसरे खिताब की ओर बढ़ गए हैं। सिनर ने कुछ दिन पहले इंडियन वेल्स का अपना पहला खिताब जीता था। वहीं, नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है।

सिनर का फाइनल में लेहेका से मुकाबला

रविवार को होने वाले फाइनल में, इटली के दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी का मुकाबला चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा। लेहेका ने शुक्रवार को आर्थर फिल्स को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बनाई है। लेकिन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में सभी की नजरें सिनर पर थीं। वह दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का फायदा उठाकर मियामी ओपन का खिताब जीतना चाहते थे, ताकि रैंकिंग चार्ट में शीर्ष स्थान पर मौजूद खिलाड़ी के साथ अंकों का अंतर कम किया जा सके।

यह दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अब 'सनशाइन डबल' पूरा करने से बस एक जीत दूर है। 2017 में रोजर फेडरर के बाद वह ऐसा करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं, जिसके तहत इंडियन वेल्स और मियामी, दोनों जगहों पर खिताब जीता जाता है।

24 वर्षीय सिनर ने इसी महीने की शुरूआत में बीएनपी पारिबा ओपन के सेमीफाइनल में भी इस जर्मन खिलाड़ी को हराया था। एटीपी के हेड-टू-हेड मुकाबलों में अब सिनर 8-4 से आगे हैं।

## नशे की लत और अफेयर्स से बिखर गई टाइगर वुड्स की चमकदार दुनिया



**फ्लोरिडा।** फ्लोरिडा में ताजा कार हादसे के बाद टाइगर वुड्स दूसरी बार नशे में ड्राइविंग के शक में गिरफ्तार हुए। यह उनका चौथा बड़ा हाई-प्रोफाइल सड़क हादसा रहा। 2009, 2017 और 2021 की पुरानी घटनाएं फिर चर्चा में हैं, जिन्होंने उनके करियर और निजी जिंदगी दोनों को गहराई से प्रभावित किया। दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स एक बार फिर सड़क हादसे और कानूनी विवादों के कारण सुर्खियों में हैं। टाइगर वुड्स का नाम कभी गोल्फ की महानता, अनुशासन और जीत का पर्याय माना जाता था, लेकिन पिछले करीब 17 वर्षों में उनकी जिंदगी ने ऐसा मोड़ लिया, जिसने उन्हें सिर्फ खेल के नहीं बल्कि विवादों, हादसों और निजी संघर्षों का भी चेहरा बना दिया।

# चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बड़ा झटका, धोनी हुए चोटिल

## सीएसके के शुरूआती कितने मैचों में नहीं खेलेंगे

**चेन्नई।** शुरूआती तीन-चार मैच मिस करेंगे। हालांकि यह गंभीर चोट नहीं है और उनके जल्द वापसी की उम्मीद जताई गई है।

आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले ही चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के दिग्गज खिलाड़ी एमएस धोनी चोट के कारण शुरूआती चार मुकाबलों से बाहर हो सकते हैं। सीएसके ने अपने आधिकारिक बयान में जानकारी दी कि धोनी इस समय काफ स्ट्रेन (पिंडली की चोट) से जूझ रहे हैं और फिलहाल रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) से गुजर रहे हैं। टीम के बयान के मुताबिक, 'एमएस धोनी इस समय काफ स्ट्रेन से उबरने की प्रक्रिया में हैं। इसके चलते वह आईपीएल के पहले दो हफ्तों से बाहर रह सकते हैं।'

क्या है चोट और कितने मैच मिस करेंगे?

धोनी की यह चोट मांसपेशियों से जुड़ी है, जिसे ठीक होने में समय लगता है। ऐसे में यह लगभग तय माना जा रहा है कि वह पहले दो हफ्ते नहीं खेलेंगे यानी सीएसके के शुरूआती तीन से चार मैच मिस कर सकते हैं। यह टीम के लिए बड़ा झटका इसलिए भी है क्योंकि धोनी अनुभव और नेतृत्व दोनों में अहम भूमिका निभाते हैं। सीएसके को शुरूआती दो हफ्तों में 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स से गुवाहाटी में, तीन अप्रैल को पंजाब किंग्स से चेन्नई में, पांच अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से बंगलूरू में और 11 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से चेन्नई में खेलना है। इसके बाद 14 अप्रैल को सीएसके का मुकाबला कोलकाता नाइटराइडर्स से चेन्नई में होगा। धोनी दिल्ली के खिलाफ या फिर कोलकाता के खिलाफ मैच में वापसी कर सकते हैं।

**सीएसके के लिए क्यों बड़ा नुकसान**

धोनी भले ही अब कप्तान नहीं हैं, लेकिन मैदान पर उनकी मौजूदगी टीम के लिए बेहद अहम रहती है। वह अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर टीम से जुड़े हुए हैं। विकेटकीपिंग में अनुभव, डेथ ओवर में फिनिशिंग और युवा खिलाड़ियों को गाइड करना, इन सभी मामलों में उनकी कमी साफ महसूस होगी। 44 वर्षीय एमएस धोनी के आईपीएल भविष्य को लेकर हर सीजन चेन्नई सुपर किंग्स के अभियान के बाद जोरदार चर्चा



शुरू हो जाती है। चूंकि धोनी अब सिर्फ आईपीएल ही खेलते हैं, इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। पिछले आईपीएल सीजन में धोनी ने 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए टीम की पारी को आखिरी ओवरों में तेज फिनिश देने का काम किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद से वह लगातार घुटने की समस्या से जूझते रहे हैं।

### किसे मिल सकता है मौका?

धोनी की गैरमौजूदगी में सीएसके मैनेजमेंट को प्लेइंग-11 में बदलाव करना पड़ेगा। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी किसी अन्य खिलाड़ी को मिल सकती है। धोनी के अलावा विकेटकीपिंग के लिए टीम के पास तीन अन्य विकल्प भी हैं। इनमें संजू सैमसन, उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा शामिल हैं। संजू का खेलना तय है। अब उर्विल और कार्तिक दोनों को प्लेइंग-11 में जगह मिल सकती है। ऐसे में विकेटकीपिंग का दारोमदार किस पर होगा, यह देखने वाली बात होगी। मिडिल ऑर्डर में भी फेरबदल संभव है। हालांकि, सीएसके के प्रैक्टिस सेशंस में संजू और उर्विल को विकेटकीपिंग करते देखा गया है।

# आलोचकों पर भड़के मिचेल स्टार्क

## बताया आईपीएल के शुरूआती चरण से बाहर होने का कारण

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2026 से शुरूआती गैरमौजूदगी पर उठे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वह कोहनी और कंधे की चोट से उबर रहे हैं, न कि कमिटमेंट की कमी है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और फैंस से माफी मांगते हुए भरोसा दिलाया कि फिट होते ही जल्द टीम से जुड़ेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2026 के शुरूआती मैचों से अपनी गैरमौजूदगी को लेकर हो रही आलोचनाओं पर कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने साफ किया कि वह किसी लापरवाही या कमिटमेंट की कमी के कारण नहीं, बल्कि चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं। इससे पहले शुक्रवार को स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने भी सोशल मीडिया पर तेज गेंदबाज की अनुपलब्धता को लेकर जानकारी दी थी।

स्टार्क अभी तक दिल्ली कैपिटल्स से नहीं जुड़े हैं, जिसके बाद सोशल मीडिया और क्रिकेट एक्सपर्ट्स के बीच बहस छिड़ गई। भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर सहित कई लोगों ने विदेशी खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए थे। स्टार्क ने खुद सामने आकर बताया कि उन्हें ऑस्ट्रेलियाई समर के दौरान



कोहनी और कंधे में चोट लगी थी, जिसकी गंभीरता उन्हें शुरूआत में पता नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल रिहैब और रिकवरी पर ध्यान दे रहे हैं। साथ ही क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस कार्य प्रबंधन के चलते आईपीएल के शुरूआती चरण से बाहर रहेंगे।

आलोचकों को दिया जवाब

स्टार्क ने मीडिया में चल रही खबरों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कुछ लोग अधूरी और गलत जानकारी के आधार पर बयान दे रहे हैं और ऐसे पेश कर रहे हैं जैसे उन्हें उनके शरीर की स्थिति ज्यादा पता हो।

दिल्ली कैपिटल्स और फैंस से मांगी माफी

स्टार्क ने दिल्ली कैपिटल्स और फैंस से माफी भी मांगी। उन्होंने माना कि उनकी गैरमौजूदगी टीम के लिए मुश्किल है, लेकिन उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह जल्द से जल्द टीम से जुड़ने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह लगातार टीम के संपर्क में हैं और जैसे ही फिट होंगे, आईपीएल में वापसी करेंगे।

# आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में भुवनेश्वर अकेले तेज गेंदबाज है

**बंगलूरू।** भुवनेश्वर कुमार IPL 2026 में सिर्फ 2 विकेट लेते ही इतिहास रच सकते हैं और 200 विकेट तक पहुंचने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। मौजूदा आंकड़ों में वह 198 विकेट पर हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह उनसे काफी पीछे हैं, जिससे उनका रिकॉर्ड और खास बन जाता है।



आईपीएल के 19वें सीजन (आईपीएल 2026) का धमाकेदार आगाज शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच खेले जाने वाले मैच से होगा। मुकाबला आरसीबी के होम ग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के पास इस मैच इतिहास रचने का सुनहरा मौका है।

**आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट | सर्वश्रेष्ठप्रदर्शन | इकोनॉमी |
|---|---|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल | 174 | 221 | 5/40 | 7.96 |
| भुवनेश्वर कुमार | 190 | 198 | 5/19 | 7.69 |
| सुनील नरेन | 189 | 192 | 5/19 | 6.79 |
| पीयूष चावला | 192 | 192 | 4/17 | 7.96 |
| रविचंद्रन अश्विन | 221 | 187 | 4/34 | 7.20 |
| जसप्रीत बुमराह | 145 | 183 | 5/10 | 7.24 |

एसआरएच के खिलाफ होने वाले मुकाबले में दो विकेट लेते ही भुवनेश्वर कुमार के आईपीएल करियर में 200 विकेट पूरे हो जाएंगे। आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड युजवेंद्र चहल के नाम है। चहल ने अपनी बेहतरीन लेग स्पिन की बदौलत 2013 से 2025 के बीच खेले 174 मैचों की 172 पारियों में 221 विकेट लिए हैं। चहल पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में भुवनेश्वर अकेले तेज गेंदबाज हैं।

बाकी के चार स्पिनर हैं। लीग के छठे सफल गेंदबाज मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह हैं। दाएं हाथ के इस घातक तेज गेंदबाज ने 2013 से 2025 के बीच 145 मैचों में 183 विकेट लिए हैं। बुमराह शानदार फॉर्म में हैं और वह भी इस सीजन अपने 200 विकेट पूरे कर सकते हैं।

### शीर्ष पांच सर्वाधिक विकेट वालों में कौन-कौन

भुवनेश्वर कुमार आईपीएल इतिहास के दूसरे सफलतम गेंदबाज हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2011 से 2025 के बीच 190 मैचों की 190 पारियों में 198 विकेट लिए हैं। केकेआर के स्पिनर सुनील नरेन तीसरे स्थान पर हैं। 2012 से 2025 के बीच नरेन ने 189 मैचों की 187 पारियों में 192 विकेट लिए हैं। नरेन के पास भी इस सीजन 200 विकेट पूरे करने का मौका है। पीयूष चावला ने 2008 से 2024 के बीच 192 मैचों की 191 पारियों में 192 विकेट लिए हैं। पीयूष अब आईपीएल का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, अश्विन 187 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर हैं। अश्विन भी आईपीएल से संन्यास ले चुके हैं।

# बंगलूरू भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों को दी गई श्रद्धांजलि, काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी

**बंगलूरू।** आईपीएल 2026 की शुरूआत हो गई है। आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच शुरू होने से ठीक पहले चिन्नास्वामी स्टेडियम में उन 11 लोगों को श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने पिछले साल बंगलूरू भगदड़ हादसे में जान गंवाई थी।

सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच आईपीएल 2026 के मैच से ठीक पहले बंगलूरू भगदड़ में जान गंवाने वाले क्रिकेट प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी गई।

### पिछले साल हुआ था हादसा

टॉस के बाद जब दोनों टीमें खेलने के लिए मैदान पर उतर रही थीं तो स्टेडियम में मौजूद सभी दर्शक, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अधिकारी और दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मौन रहकर श्रद्धांजलि दी।

पिछले साल आईपीएल का खिताब जीतने के बाद खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ मची थी जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इस हादसे के बाद काफी सवाल उठे थे और आयोजकों की आलोचना की गई थी। हालांकि, आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने के साथ ही भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी गई।

इसके अलावा चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटों को इन प्रशंसकों की याद में खाली रखा गया है। वहीं, आरसीबी के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी भी इस मैच में काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे।

## सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप: ग्रुप में नंबर-1 बनने की जंग भारत का बांग्लादेश से होगा सामना



**नई दिल्ली।** सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप में सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी, जहां शीर्ष स्थान के लिए मुकाबला होगा। भारत को टॉप पर रहने के लिए ड्रॉ काफी है, जबकि बांग्लादेश को जीत जरूरी है, जिससे मैच बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप में पाकिस्तान पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद भारतीय अंडर-20 टीम शनिवार को अपने आखिरी ग्रुप बी मुकाबले में बांग्लादेश का सामना करेगी। यह मैच मालदीव के माले स्थित नेशनल फुटबॉल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है, लेकिन यह मुकाबला ग्रुप में शीर्ष स्थान तय करने के लिए बेहद अहम है। भारत को टॉप पर रहने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है, जबकि बांग्लादेश को शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए जीत दर्ज करनी होगी।

**कोच ने की टीम की तारीफ**

भारत के मुख्य कोच महेश गवली ने पाकिस्तान के खिलाफ टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि दूसरे हाफ में टीम का खेल ज्यादा बेहतर रहा और रक्षात्मक संगठन मजबूत दिखा। उन्होंने गोलकीपर सूरज सिंह अहीबम की भी तारीफ की, जिन्होंने महत्वपूर्ण बचाव कर टीम को बढ़त बनाए रखने में मदद की। गवाली ने यह भी कहा कि टीम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं ले रही है और हर मैच को गंभीरता से खेल रही है। हालांकि भारत ने पिछला मैच बड़े अंतर से जीता, लेकिन पहले हाफ में रक्षा पंक्ति को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा। टीम इस मुकाबले को नॉकआउट चरण से पहले अपनी कमजोरियों को सुधारने के अवसर के रूप में देख रही है।

**बांग्लादेश लेना चाहेगी बदला**

बांग्लादेश की टीम सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भारत से मिली हार का बदला लेने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# आईपीएल 2026 में कौन है शानदार फॉर्म में, कोई बल्ले और गेंद दोनों से कर रहा संघर्ष; किसका पलड़ा भारी



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय हैं और हर एक की कहानी अलग है। कुछ खिलाड़ी फॉर्म में हैं, तो कुछ वापसी की तलाश में। यह सीजन तय करेगा कि कौन कप्तान दबाव में खरा उतरता है और अपनी टीम को खिताब तक पहुंचाता है।

रजत पाटीदारः चैंपियन कप्तान, लेकिन फॉर्म की चुनौती

रजत पाटीदार ने पिछले साल आरसीबी को पहली बार खिताब दिलाकर इतिहास रच दिया था। शांत स्वभाव और सटीक फैसलों ने उन्हें एक बेहतरीन कप्तान बना दिया। हालांकि, आईपीएल 2025 के बाद उनका समय उतना अच्छा नहीं रहा। पाटीदार ने आईपीएल 2025 के बाद सात टी20 पारियों खेली हैं और 16.14 की औसत और 136.14 के स्ट्राइक रेट से 113 रन बनाए हैं। आईपीएल 2025 के बाद जरूर उन्होंने सेंट्रल जोन को दलिप ट्रॉफी जिताई और साथ ही हर प्रारूप में मध्य प्रदेश के कप्तान नियुक्त किए गए। लेकिन सैयद मुश्ताक में उनका फॉर्म खराब रहा था। घुटने की चोट और खराब फॉर्म ने उ ना क आत्मविश्वास को झटका दिया। अब फिट होकर वह एक बार फिर अपनी टीम को ट्रॉफी दिलाने की कोशिश करेंगे।

**श्रा टासा अय्यरः खुद को साबित करने की जंग**

श्रेयस अय्यर लंबे समय से भारत की टी20 टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं। पिछले आईपीएल में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की, लेकिन चोट और टीम से बाहर होने के कारण उनका करियर ठहर सा गया।

**हार्दिक पांड्याः स्टार ऑलराउंडर की बड़ी जिम्मेदारी**

हार्दिक पांड्या पिछले कुछ महीनों में टीम इंडिया के सबसे अहम खिलाड़ियों में रहे हैं। बैट और बॉल दोनों से उनका योगदान शानदार रहा है। अब सवाल यह है कि वह आईपीएल में किस रोल में खेलेंगे- फिनिशर या एंकर? और क्या वह नई गेंद से गेंदबाजी करेंगे?

**शुभमन गिलः वापसी का मौका**

शुभमन गिल का हालिया टी20 फॉर्म उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। उन्हें वर्ल्ड कप टीम से भी बाहर होना पड़ा। लेकिन आईपीएल उनका पसंदीदा मंच है। गुजरात की पिचें उन्हें सूट करती हैं, और वह यहां अपनी खोई हुई लय वापस पा सकते हैं।

**अक्षर पटेलः चुपचाप गेम बदलने वाला खिलाड़ीः** अक्षर पटेल भले ही ज्यादा सुर्खियों में न रहते हों, लेकिन उनकी अहमियत बेहद ज्यादा है। टी20 विश्वकप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। अब दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में उनसे उम्मीद होगी कि वह टीम को मुश्किल मौकों पर जीत दिलाएं। अक्षर ने आईपीएल 2025 के बाद 23 टी20 पारियों में 119.28 के स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए।

**आईपीएल 2026ः मौजूदा कप्तानों का रिकॉर्ड**

| नाम | मैच | जीते | हारे | टाई | बेनतीजा | जीत प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्रेयस अय्यर | 87 | 48 | 35 | 2 | 2 | 57.64% |
| हार्दिक पांड्या | 60 | 35 | 25 | 0 | 0 | 58.33% |
| ऋषभ पंत | 57 | 29 | 27 | 1 | 0 | 51.75% |
| शुभमन गिल | 27 | 14 | 13 | 0 | 0 | 51.85% |
| रजत पाटीदार | 13 | 10 | 3 | 0 | 0 | 76.92% |
| रियान पराग | 8 | 2 | 6 | 0 | 0 | 25.00% |
| ऋतुराज गायकवाड़ | 19 | 8 | 11 | 0 | 0 | 42.10% |
| अजिंक्य रहाणे | 38 | 14 | 23 | 0 | 1 | 37.83% |
| अक्षर पटेल | 13 | 5 | 6 | 1 | 1 | 45.83% |
| पैट कमिंस | 30 | 15 | 14 | 0 | 1 | 51.72% |

**ईशान किशनः फॉर्म में कप्तान**

ईशान किशन का ग्राफ लगातार ऊपर गया है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन और वर्ल्ड कप में दमदार पारी ने उन्हें फिर से टीम इंडिया में जगह दिलाई। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए कप्तानी करना उनके करियर में एक नया अध्याय हो सकता है। उनकी कप्तानी में झारखंड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीता था।

**ऋषभ पंतः वापसी की तलाश**

ऋषभ पंत के लिए पिछला आईपीएल काफी खराब रहा था। चोटों ने भी उन्हें परेशान किया। आईपीएल 2025 के बाद पंत ने कोई टी20 नहीं खेला है। पिछले साल आईपीएल में उन्होंने 14 पारियों में केवल 269 रन बनाए थे।

**अजिंक्य रहाणेः आखिरी मौका**

अजिंक्य रहाणे के लिए यह आईपीएल बेहद अहम है। 37 साल की उम्र में उनके पास खुद को साबित करने का शायद आखिरी मौका है। रहाणे ने आईपीएल 2025 के बाद 10 टी20 पारियों में 48.87 की औसत और 161.57 के स्ट्राइक रेट से 391 रन बनाए हैं।

**रियान परागः युवा कप्तान की परीक्षाः** रियान पराग को राजस्थान रॉयल्स ने भविष्य का चेहरा माना है। उन्होंने पिछले सीजन में कप्तानी भी की, लेकिन उसके बाद फॉर्म गिर गया। अब उनके पास खुद को साबित करने का बड़ा मौका है।

**ऋतुराज गायकवाड़ः तीसरी बार किस्मत आजमाएंगेः** ऋतुराज गायकवाड़ को सीएसके ने लगातार कप्तान बनाए रखा और उनपर भरोसा जताया है। भले ही पिछले सीजन में टीम का प्रदर्शन खराब रहा हो, लेकिन ऋतुराज टीम के लिए अहम खिलाड़ी हैं।

29 Mar -26 page 6 28-03-2026 10:23 PM Page 1



# गाजियाबाद आसपास




# 300% हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ व्यापारियों का हल्ला बोल, अनिश्चितकालीन धरना शुरू





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा आवासीय और व्यापारिक संपत्तियों पर थोपी गई 300 प्रतिशत की भारी भरकम हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में आज शहर के व्यापारियों ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। महानगर उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले आज, 28 मार्च 2026 से घंटाघर स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जा रहा है।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान ने बताया कि नगर निगम बोर्ड की बैठक में इस भारी टैक्स वृद्धि को स्पष्ट रूप से निरस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद, निगम के उच्च अधिकारी अपनी हठधर्मिता पर अड़े हुए हैं और जनता का शोषण करते हुए बढ़ी हुई दरों के नोटिस और बिल लगातार भेज रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मेयर महोदया ने बार-बार समाचार पत्रों के माध्यम से घोषणा की थी कि हाउस टैक्स नहीं बढ़ाया जाएगा, लेकिन धरातल पर ये सभी वादे केवल 'कागजी आश्वासन' साबित हुए हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बार-बार ज्ञापन देने और प्रेस वार्ताओं के माध्यम से अपनी बात रखने के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने घोषणा की है कि जब तक टैक्स को विधिवत रूप से कम कर संशोधित बिल जारी नहीं किए जाते, तब तक यह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक धरना प्रतिदिन जारी रहेगा। समयः प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक। स्थानः शहीद भगत सिंह चौक, घंटाघर। प्रमुख मांगः बढ़े हुए टैक्स बिलों को तत्काल प्रभाव से वापस लेकर पुराने रेट पर संशोधित बिल जारी किए जाएं।

इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए युवा व्यापार मंडल, नवयुग मार्केट, संजय नगर, सिहानी गेट और गोल मार्केट सहित शहर की सभी व्यापारिक इकाइयों ने अपना समर्थन दिया है।

महामंत्री अशोक चावला और चेयरमैन बृजमोहन सिंह ने गाजियाबाद के प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे इस 'जनहित आंदोलन' का हिस्सा बनें और नगर निगम की मनमानी के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करें। टैक्स के नाम पर जनता और व्यापारियों का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक आम आदमी को न्याय नहीं मिल जाता।

## संतोष हॉस्पिटल में 11 बच्चों की जन्मजात 'कटे होंठ और तालु' की सफल सर्जरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष हॉस्पिटल, गाजियाबाद और 'लव विदाउट रीजन फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क सर्जरी शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 26 से 28 मार्च तक चले इस विशेष शिविर में जन्मजात विकारों से पीड़ित बच्चों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की गईं।

कुल 11 मरीजों के 'लिप क्लेफ्ट' (फटे होंठ) और 'क्लेफ्ट पैलेट' (तालु में छेद) की सफल सर्जरी की गई। शिविर में 14 नए मरीजों का पंजीकरण हुआ, जिन्हें भविष्य में उपचार और परामर्श दिया जाएगा। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मनीष सभरवाल के नेतृत्व में डॉ. मनोज गोयल, डॉ. अपराजिता और डॉ. आकृति की टीम ने आधुनिक तकनीकों से ऑपरेशन संपन्न किए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुजैन मैथ्यूज और सीईओ सैंथोश मैथ्यूज ने कहा कि समय पर उपचार मिलने से इन बच्चों के जीवन की गुणवत्ता में बड़ा सुधार आता है। डॉ. मनीष सभरवाल ने बताया कि सही समय पर सर्जरी से बच्चे न केवल सामान्य रूप से बोल और खा सकते हैं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं।

अस्पताल की जनरल मैनेजर डॉ. श्वेता चौधरी ने भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्यक्रम जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## आंगनबाड़ी केंद्र का लोहे का गेट गिरने से तीन बच्चे घायल

### दोषी पर होगी कार्रवाही-एसडीएम





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** आंगनबाड़ी केंद्र का लोहे का गेट गिरने से तीन बच्चे बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायल बच्चों को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भोजपुर थानान्तर्गत गांव मानकी में शनिवार दोपहर जब बच्चें गेट पर झूल रहे थे, इसी बीच अचानक गेट गिर गया और तीन बच्चे उसके नीचे दब गए। घायल बच्चों की पहचान मानकी गांव निवासी चार वर्षीय फैजान, तीन वर्षीय जसिया और दो वर्षीय जैद के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, आंगनबाड़ी केंद्र का यह गेट पिछले तीन माह से क्षतिग्रस्त था। केंद्र प्रभारी ने गेट की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई थी, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उपजिलाधिकारी अजित सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में मेधावी छात्र सम्मानित

## मेरिट एवं उपस्थिति पुरस्कारों का वितरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, गाजियाबाद में शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीजीडीएम बैच (2024-26 एवं 2025-27) के छात्रों के लिए 'मेरिट, प्रदर्शन सुधार एवं उपस्थिति सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। बुधवार को संस्थान के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने पुरस्कार विजेताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि 'आजीवन सीखने की प्रवृत्ति' और 'अनुकूलन क्षमता' ही विद्यार्थियों को भविष्य का लीडर बनाएगी। उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह के दौरान शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर पीजीडीएम बैच 2024-26 (पंचम ट्राइमेस्टर) और बैच 2025-27 (तृतीय ट्राइमेस्टर) के शीर्ष 10 विद्यार्थियों को मेरिट पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके साथ ही, कक्षा में नियमितता और अनुशासन का परिचय देने वाले उन छात्रों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न विषयों में 100% उपस्थिति दर्ज की थी। इस अवसर पर आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा ने छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। पीजीडीएम चेयरपर्सन डॉ. डी. के. पांडेय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इन पुरस्कारों के पीछे की प्रेरणा और संस्थान के विजन के बारे में जानकारी दी। पुरस्कार वितरण के दौरान छात्र और उनके अभिभावक बेहद उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम का समापन भविष्य में इसी प्रकार के समर्पण, परिश्रम और उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहने के प्रेरक संदेश के साथ हुआ।



## लाजपत राय कॉलेज में पुरातन छात्र एसोसिएशन का हुआ गठन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत राय कॉलेज, साहिबाबाद में शनिवार को 'पुरातन छात्र एसोसिएशन' के पंजीकरण की प्रक्रिया शुभारंभ की गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में सभा का आयोजन हुआ, जिसमें कॉलेज के पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. उदय प्रताप सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए पूर्व छात्रों को कॉलेज की शक्ति बताया। निदेशक डॉ. सरिता शर्मा ने सभी का अभिवादन किया और एसोसिएशन के उद्देश्यों व नियमावली पर प्रकाश डाला। नवनियुक्त अध्यक्ष एन.पी. ढाका ने अपने संबोधन में एसोसिएशन के लक्ष्यों को पूर्ण करने और कॉलेज के विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया। डॉ. नीरज तिवारी ने भविष्य की योजनाओं और कॉलेज के विकास में पुरातन छात्रों की भूमिका के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारियों के रूप में एन पी ढाका - अध्यक्ष, हिमांशु अग्रवाल - उपाध्यक्ष, आशुतोष चौधरी - सचिव, अरुण दुबे - उपसचिव, राम पाण्डेय - कोषाध्यक्ष, दिव्यांशी शुक्ला - सदस्य, अविनाश शर्मा - सदस्य, दिव्या पाण्डेय - सदस्य, मनोज कुमार - सदस्य के रूप में नामित हुए।

## डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा-2026 का शुभारंभ



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा-2026 का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्रा ने किया।

मुख्य अतिथि आनंद प्रकाश मिश्रा ने मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें हार-जीत से ऊपर उठकर उत्कृष्टता हेतु निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। संदेश दिया कि हर प्रतियोगिता सीखने का अवसर होती है, इसलिए पूरे जोश और सकारात्मक सोच के साथ मैदान में उतरें, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और खेल भावना को हमेशा प्रथम स्थान दें।

कार्यक्रम में उपस्थित फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा, कार्यकारी निदेशक ड0 दीपांकर शर्मा, समस्त कॉलेजों के डायरेक्टर एवं प्राचार्य, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और आयोजकों ने स्पोर्ट्स मीट के सफल संचालन के लिए अपनी तैयारी प्रस्तुत की। दिनभर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

## संस्कार एजुकेशनल ग्रुप का 17वां दीक्षांत समारोह संपन्न

### 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को मिलीं डिग्रियां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्कार एजुकेशनल ग्रुप ने आज अपने परिसर में 17वें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया। इस गरिमामयी समारोह में वर्ष 2025 बैच के बी.टेक, बी.फार्मा, बी.आर्क, बी.एफ.एस.आई. और एम.बी.ए. के 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए डिग्रियाँ प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शुचिन बजाज (संस्थापक-निदेशक, उजाला सिग्नस हेल्थ केयर एवं वर्ष 2024 के वैश्विक सामाजिक उद्यमी) द्वारा दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. बजाज ने अपनी उद्यमशीलता की यात्रा साझा की और कहा, जो लोग ज्ञान को करुणा के साथ जोड़ते हैं, वे ही भविष्य में सबसे महान और सफल माने जाते हैं। एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र के प्रतिष्ठित शोधकर्ता प्रो. (डॉ.) संदीप सिंघल ने स्नातकों को निरंतर अनुकूलनशीलता और आजीवन सीखने की सीख दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा एक आजीवन प्रयास है, जिसकी ठोस नींव 'संस्कार' पर टिकी होती है। संस्थान के महासचिव श्री अमित गुप्ता ने पदक विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए समर्पण के मूल्यों पर प्रकाश डाला। वहीं, इंजीनियरिंग निदेशक डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी स्नातकों को उनके उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। समारोह में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सदस्या श्रीमती मनीषा गुप्ता, श्री लव अग्रवाल और श्री कुश अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्षों ने भी छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जो पर्यावरण स्थिरता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। छात्रों ने अपने कैंपस जीवन और मित्रों के साथ बिताए रोमांचक पलों को याद किया, जिससे माहौल भावुक और गौरवपूर्ण हो गया। कार्यक्रम का समापन वास्तुकला निदेशक प्रो. (डॉ.) राकेश अलावधी के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।



## साइबर क्राइम : महिला के खाते से निकाले 25 हजार

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** साइबर शातिरों ने एटीएम से फ्रॉड करके एक महिला के खाते से 25 हजार की रकम साफ कर दी। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने पंहुची सुनीता दीक्षित ने बताया कि घटना 27 मार्च की है। घर से जब वह आनन्द बिहार स्थित कॉलोनी के बाहर लगे एक्सिस बैंक के एटीएम पर पहुंची और पैसे निकाले के लिये उन्होंने अपना एटीएम कार्ड डाला तो वह मशीन के अंदर ही फंस गया। इसी दौरान पास खड़े एक युवक ने



एटीएम बूथ पर लिखे एक मोबाइल नंबर पर कॉल करने की सलाह दी। महिला ने जब उस मोबाइल नंबर पर फोन किया तो बात करने वाले व्यक्ति ने महिला को अपने झासे में लेते हुये एटीएम कार्ड निकालने के लिये उसे अपने पिन को एक विशेष प्रकार से डालने की सलाह दी। महिला ने उसी प्रकार अपना पिन दर्ज किया और फोन करने वाले युवक ने भरोसा दिलाया कि सायं 5 बजे तक एटीएम कार्ड आपके घर पहुंच जायेगा। महिला घर लौट गई। इसी बीच पास खड़े युवक ने महिला द्वारा दर्ज किये गये पिन को देख लिया।

## छह माह से फरार भूमाफिया गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल



**लोनी (करंट क्राइम)।** ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने छ माह से फरार चल रहा धोखाधडी व फर्जी कागजात तैयार कर भूखंड बेंचने वाला भूमाफिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सिधार्थ गौतम ने बताया कि 19 अक्टूबर 2025 को फरमान नामक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने चार भूमाफियाओं के विरुद्व कार्रवाई कर दी थी पर अफजल छह माह से फरार था पुलिस इसकी तलाश में थी कि शनिवार 28 मार्च गिरफ्तार कर लिया। फरमान का आरोप था कि अफजल व इसके साथियों ने जालसाजी कर 100 बर्ग गज भूखंड के फर्जी कागजात तैयार कर फरमान को अफजल पुत्र मुनीम ने बेंच दिया था। अफजल का भूमाफिया गेंग है इसके कई साथी भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर प्लाट के नाम पर कई कई लाख रूपए की ठगी करते हैं अफजल के साथी नूरहसन भाटी, अरशद, मोइन, नाजिम है अफजल पुलिस की गिरफ्त से बाहर था कि शनिवार को अफजल पुलिस की गिरफ्त में आ गया और कार्रवाई कर पुलिस ने जेल भेज दिया।




## इस लिस्ट में आएगा बड़ा टविस्ट्, बदलेंगे कई फेस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब बताया जा रहा है कि बीते दिनों कुछ प्रमोशन और कुछ मामले बदलने के बाद अब कमिश्नरेट गाजियाबाद में नया टविस्ट् आने वाला है। बताया जा रहा है कि आने वाले एक-दो दिन में कभी भी लिस्ट जारी की जा सकती है। जिसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कम से कम तीन एसीपी स्तर के अधिकारियों को बाहर भेजा जाएगा। तो एडीसीपी स्तर के वर्तमान में चार अधिकारी हो गए हैं। जिसमें से एक को यहां रखा जाएगा और तीन को बाहर भेजने की तैयारी चल रही है। अब इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक डीसीपी वाले आईपीएस आएंगे, तो एक और भी आ सकते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में सर्किल के फेस भी बदलने की जानकारी पुख्ता हो चुकी है। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है जहां एक मामला ट्रैफिक से जुड़ गया है। तो दो नदिया पार और तीसरा देहात से है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है की डीसीपी स्तर पर भी एक छोटी लिस्ट आएगी, इसमें दो फेरबदल होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। इन सबके बीच जैसे ही यह लिस्ट शासन स्तर से आ जाएगी। इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की लोकल लिस्ट पर एक से दो दिन में काम हो जाएगा और वह फाइनल कर दी जाएगी। अब बताया जा रहा है कि अप्रैल का पहला सप्ताह जहां अधिकारी स्तर पर बदलाव होगा। तो दूसरे सप्ताह में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के टू-स्टारों की लंबी लिस्ट आएगी। जिसमें जोन के बदलाव होंगे। तो 23 बैच वालों की भी बंपर अदला-बदली की जाएगी। अब सूत्र बता रहे हैं कि कुछ लोग अभी से अपना जोन वाला जुगाड़ सेट करने में लग गए हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अप्रैल का फर्स्ट वीक टविस्ट् के साथ भरा रहेगा। उधर लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं की लिस्ट पर साइन भी हो चुके हैं। बस उसे रवाना करने का इंतजार हो रहा है। संभावना प्रबल है कि रविवार की रात तक स्थिति क्लियर होने के बाद सब कुछ आईने की तरह साफ हो जाएगा। कुल मिलाकर देखना होगा कि अप्रैल में किसको इन, किसको आउट और किसको होड और किसको बोल्ड किया जाता है।




## सिटी अपार्टमेंट यूनिटी कप 2026: खेल के मैदान से गूंजा सामाजिक एकता और पारिवारिक जुड़ाव का संदेश




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का आधार हैं, बल्कि यह समाज को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त माध्यम भी हैं। इसी उद्देश्य के साथ सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल एवं एस डी जी आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 'सिटी अपार्टमेंट यूनिटी कप 2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। 'बिल्डिंग स्ट्रॉन्गर फैमिलीज बियॉन्ड क्लासरूम्स' की प्रेरणादायी थीम पर आधारित इस दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट ने गाजियाबाद के खेल प्रेमियों और स्थानीय परिवारों में भारी उत्साह भर दिया है।

समारोह का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल और वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों द्वारा रिबन काटकर और शांति के प्रतीक स्वरूप आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर कार्यक्रम की आधिकारिक शुरूआत की गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल सपना अहलावत, चीफ एडमिनिस्ट्रेटर सुभाष शर्मा और एडमिशन डायरेक्टर अखिलेश वर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्रगान की गूँज और खिलाड़ियों के अनुशासित मार्च पास्ट के बाद टॉस उछालकर पहले मैच का आगाज किया गया।

डायरेक्टर अखिलेश वर्मा ने टूर्नामेंट की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसका समावेशी स्वरूप है। टूर्नामेंट में कुल 14 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है : पुरुष वर्ग : 10 टीमें, महिला वर्ग : 02 टीमें, बाल वर्ग : 02 टीमें। यह प्रतियोगिता 28 से 29 मार्च तक चलेगी, जिसका प्रबंधन हेड कोच रिंकु चौधरी और उनकी तकनीकी टीम की देख-रेख में किया जा रहा है।

चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल ने खिलाड़ियों को **संबोधित करते हुए कहा:** ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य परिवारों के बीच आपसी मेलजोल को बढ़ाना है। खेल के मैदान पर जब अलग-अलग परिवारों के लोग एक साथ आते हैं, तो समाज में 'एकता' की भावना और अधिक पुख्ता होती है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में सिटी अपार्टमेंट के अधिकारियों और स्कूल के शिक्षक वर्ग का विशेष सहयोग रहा। मैदान पर खिलाड़ियों के जोश और स्टैंड्स में दर्शकों के शोर ने इस आयोजन को एक उत्सव में बदल दिया है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

**Pandit R D Sharma**
9h

आज दोनों पोती का रिजल्ट आया, बड़ी वालीं काव्या शर्मा ने 97.5% अंक लाकर अपनी कक्षा 7 में प्रथम स्थान प्राप्त किया छोटी वालीं रिद्धि शर्मा ने 95.5% अंक लाकर अपनी कक्षा 3 में दूसरा स्थान प्राप्त किया आप सभी दोनो बच्चियों को अपना आशीर्वाद दे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक दादा के लिए वो पल खुशी का होता है जब उनकी पोतियां शिक्षा में एक उत्तम स्थान प्राप्त करती हैं। समाजसेवी आरडी शर्मा की पौत्री काव्या शर्मा तथा रिद्धि शर्मा ने क्रम के हिसाब से रैंक हांसिल की। प्रथम पोती काव्या शर्मा कक्षा 7 में प्रथम स्थान पर आयी और द्वितीय पौत्री रिद्धि शर्मा कक्षा 3 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पंडित आरडी शर्मा ने अपनी सुपौत्रियों की इस सफलता को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।






# जी-7 समिट के बीच जयशंकर-मैक्रों की मुलाकात, वैश्विक तनाव पर हुई चर्चा



**पेरिस।** जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच भारत-फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा देने पर चर्चा हुई। जयशंकर ने प्रधानमंत्री मोदी का संदेश मैक्रों तक पहुंचाया।

विश्व की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्थाओं वाले देश के समूह 'ऋ७' की विदेश मंत्रियों की बैठक इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। फ्रांस में हो रही इस बैठक के बीच विदेश मंत्री जयशंकर की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात हुई है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई है।

भारतीय विदेश मंत्री की विशेष मुलाकात ने दोनों देशों के बीच भविष्य के सामरिक रोडमैप की झलक भी पेश की है। बैठक की शुरूआत में जयशंकर ने राष्ट्रपति मैक्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं और मित्रता का संदेश दिया।

**वैश्विक मुद्दों पर चर्चा**

एस जयशंकर ने मुलाकात के बाद कहा कि मैक्रों के साथ विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा से जो 'इनसाइट्स' यानी अंतर्दृष्टि मिली है, वह काफी मूल्यवान है। जानकारों का मानना है कि इस बातचीत में न केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा, बल्कि पश्चिम एशिया और यूरोप के बदलते समीकरणों पर भी विस्तार से मंथन हुआ है।

**जी-7 में भारत की भूमिका**

हालांकि, भारत जी-7 का पूर्ण सदस्य नहीं है, लेकिन फ्रांस की ओर से विशेष भागीदार के रूप में भारत को आमंत्रित किया जाना यह बताता है कि आज के दौर में भारत के बिना वैश्विक समाधान संभव नहीं हैं। इस सम्मेलन के दौरान लाल सागर और 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में समुद्री सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं जताई गईं।

**द्विपक्षीय संबंधों का नया अध्याय**

राष्ट्रपति मैक्रों से भेंट के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वहां मौजूद सऊदी अरब, कनाडा और ब्रिटेन के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। लेकिन फ्रांस के साथ भारत की केमिस्ट्री अलग ही स्तर पर नजर आती है। रक्षा क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष और संस्कृति तक, दोनों देश एक-दूसरे के पूरक बन रहे हैं। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फ्रांस में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र का दौरा किया।

# 'बदले की भावना से हुई कार्रवाई, तो पैदा हो सकती है परेशानी': माधव प्रसाद चौलागेन





**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी पर हिमालयी राष्ट्र के पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री माधव प्रसाद चौलागेन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, अभी यह देखना बाकी है कि मामला आगे कैसे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अगर यह गिरफ्तारी कानूनी प्रक्रिया के तहत हुई है, तो यह स्थिति संभालने का अच्छा तरीका है। लेकिन अगर इसे बदले की भावना के तौर पर देखा गया, तो इससे परेशानी पैदा हो सकती है।

उन्होंने बताया कि जांच के लिए एक समिति बनाई गई थी। चौलागेन ने कहा कि सरकार को संतुलन बनाए रखना चाहिए, अच्छा शासन सुनिश्चित करना चाहिए और इन मुद्दों पर काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सरकार इसे अपना तरीका बनाकर अन्य मामलों में भी इसी तरह काम करती है, तो लोगों को समझ आएगा कि सरकार को इसी तरह काम करना चाहिए।

नेपाल की राजनीति में यह सप्ताह ऐतिहासिक रहा। पिछले साल जेन-जी आंदोलन को कथित तौर पर बलपूर्वक दबाने के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री ओली को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के कुछ ही समय बाद उन्हें काठमांडू के त्रिभुवन विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से बीमार थे और उनका पहले कई बार किडनी ट्रांसप्लांट भी हो चुका है।

पुलिस ने ओली को भक्तपुर स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया और जिला पुलिस रेंज काठमांडू लाया गया। इसके बाद मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसी मामले में नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को भी गिरफ्तार किया गया। सरकार के मुताबिक, यह कार्रवाई एक जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई।

## गिरफ्तारी के पीछे क्या मामला

जानकारी के मुताबिक, यह मामला पिछले साल हुए जेन-जी विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें 77 लोगों की मौत हुई थी और बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। जांच आयोग ने इसे आपराधिक लापरवाही का मामला माना और कार्रवाई की सिफारिश की थी।

## क्या जांच रिपोर्ट के बाद ही हुई कार्रवाई

पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की की अगुवाई वाले आयोग ने अपनी रिपोर्ट में ओली समेत कई बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह की अगुवाई वाली कैबिनेट ने इस रिपोर्ट को लागू करने का फैसला लिया। इसी के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर कार्रवाई की।

# ब्रिक्स में 'सुपर पावर' बनने की तैयारी: पुतिन ने रचा नया चक्रव्यूह

## तकनीकी मोर्चे पर साथ आ सकते हैं सदस्य देश!



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्रिक्स देशों के बीच तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया है। इसके लिए एक उच्च-स्तरीय 'नेशनल कमेटी' का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति के करीबी रणनीतिकार मैक्सिम ओरेशकिन करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य एआई और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे क्षेत्रों में पश्चिमी निर्भरता को खत्म करना है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साफ कर दिया है कि भविष्य की जंग अब सीमा पर ही नहीं, बल्कि तकनीक के मैदान में लड़ी जाएगी। पुतिन ने ब्रिक्स (इफ्फ्रक्र) देशों के बीच एक ठोस तकनीकी और व्यापारिक तालमेल बिठाने का मास्टरप्लान तैयार किया है। पुतिन ने 'नेशनल कमेटी फॉर बिजनेस कोऑपरेशन' के गठन को ब्रिक्स के भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम बताया है।

**क्या है यह नई कमेटी और क्यों है खास**

पुतिन के आदेश पर इसी साल फरवरी में यह कमेटी बनी। इसकी कमान राष्ट्रपति के विशेष दूत मैक्सिम ओरेशकिन को सौंपी गई है। पुतिन चाहते हैं कि रूस के बड़े उद्योगपति और बिजनेस घराने आगे आएं और भारत, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और अन्य ब्रिक्स देशों के साथ मिलकर ऐसे प्रोजेक्ट्स शुरू करें जो सीधे तौर पर पश्चिमी देशों की तकनीकी दादागिरी को चुनौती दे सकें।

### एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर नजर

रूस की इस रणनीति का सीधा लक्ष्य तेजी से विकसित हो रहे एशिया-प्रशांत और दक्षिण यूरेशिया के देशों के साथ जुड़ना है। पुतिन का मानना है कि ब्रिक्स इन क्षेत्रों के लिए सबसे मजबूत मंच है। उन्होंने रूसी उद्योग जगत को निर्देश दिया है कि वे विज्ञान, उद्योग, कृषि और रसद जैसे क्षेत्रों में ऐसे आधुनिक प्रोजेक्ट्स लाएं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी हों। इस कमेटी में रूस की सबसे बड़ी दिग्गज कंपनियों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, जिसका मतलब है कि आने वाले समय में रूस की ओर से ब्रिक्स के भीतर बड़े निवेश की नई लहर देखने को मिल सकती है। जानकारों का कहना है कि पुतिन का यह 'डिजिटल और टेक मास्टरप्लान' भविष्य के ब्रिक्स को एक आर्थिक मंच से ऊपर उठाकर एक शक्तिशाली तकनीकी ध्रुव के रूप में स्थापित कर देगा।

**तीन क्षेत्रों पर रहेगा फोकस**

पुतिन ने कहा कि रूस उन व्यवसायों को खास प्रोत्साहन देगा जो स्वदेशी तकनीक पर निवेश करेंगे। इसमें तीन मुख्य क्षेत्रों पर सबसे अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक):** डेटा और बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाना।

**ऑटोनॉमस सिस्टम:** रोबोटिक्स और स्वचालित परिवहन प्रणालियों को विकसित करना।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म:** एक ऐसा स्वतंत्र इकोसिस्टम तैयार करना जहां व्यापार और लेनदेन के लिए किसी तीसरे पक्ष की जरूरत न पड़े।

# मिसिसिपी में रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन और वैन की टक्कर, 5 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य के एक ग्रामीण इलाके में रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन और वैन की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। स्टोन काउंटी के कोरोनर वेन फ्लरी के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग वैन में सवार थे। वैन में मौजूद एकमात्र जीवित बची 23 वर्षीय महिला को एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया है। ट्रेन में सवार किसी भी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है।

रेलवे कंपनी के बयान के मुताबिक, यह दुर्घटना उस समय हुई जब कैनेडियन पैसिफिक कंसास सिटी की एक मालगाड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर एक वाहन से टकरा गई। हादसा उत्तर-पश्चिम में स्थित विगिंस शहर के पास हुआ। मृतकों में वैन चालक 26 वर्षीय रयान सी. पीटरसन और आगे की सीट पर बैठीं 45 वर्षीय क्रिस्टिना कार्वर शामिल हैं।

# 'पाकिस्तान का GSP+ दर्जा छीनने की साजिश'

## UNHCR में भाषण के बाद इमरान के बेटे पर सरकार ने लगाया आरोप



**लाहौर।** पाकिस्तान सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खाने के बेटे कासिम खान पर आरोप लगाया कि उन्होंने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपने भाषण के जरिये देश के जीएसपी प्लस दर्जे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इस दर्जे के तहत पाकिस्तान को अपने निर्यात पर कम शुल्क (टैरिफ) का लाभ मिलता है।

किन मंत्रियों ने लगाए कासिम खान पर आरोप?

केंद्रीय सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, पंजाब की सूचना मंत्री अजमा बुखारी और सिंध के सूचना मंत्री शरजील मेमन ने मिलकर कासिम और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेता जुल्फी बुखारी की आलोचना की। उन्होंने कहा, यह पाकिस्तान का जीएसपी दर्जा छीनने की सोची-समझी साजिश है।

कासिम ने यूएनएचआरसी के सत्र को किया था संबोधित

कासिम ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के सम्मेलन को संबोधित किया था। उन्होंने परिषद से अपील की थी कि वह दखल दे और पाकिस्तान सरकार पर उनके पिता की तुरंत रिहाई के लिए दबाव डाले। इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में बंद हैं।

कासिम ने परिषद के 61वें सत्र के दौरान कहा कि यह परिषद और ओएचसीएचआर पाकिस्तान से इमरान खान के खिलाफ हो रहे कथित उत्पीड़न को तुरंत रोकने के लिए कहे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान सरकार को संयुक्त राष्ट्र के कार्य समूह की राय का पालन करना चाहिए और उनके पिता को रिहा करना चाहिए।

मंत्रियों ने क्या आरोप लगाए?

मंत्रियों ने कहा, कासिम और उनके साथियों का मकसद पाकिस्तान का जीएसपी प्लस दर्जा खत्म करवाना है। उन्होंने आरोप लगाया, यह पाकिस्तान विरोध समूह यूरोपीय संघ में इस्राइली नीति और प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की एक इकाई बीएमएम के नेताओं के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, जीएसपी प्लस दर्जा मिलने के बाद पाकिस्तान के निर्यात में 40 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे कपड़ा क्षेत्र को बड़ा फायदा हुआ और हजारों नौकरियां बनीं। उन्होंने यह भी कहा, पीटीआई अब अपने राजनीतिक फायदे के लिए लोगों की रोजी-रोटी छीनने की कोशिश कर रही है।

# यूक्रेन में आधी रात ड्रोन हमले: पांच लोगों की मौत

## क्या रूस की काट ढूंढने खाड़ी देशों के दौरे पर गए जेलेंस्की



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। बीती रात रूस ने यूक्रेन पर 270 से अधिक ड्रोन से हमला कर भारी तबाही मचाई। इस हमले में 5 लोगों की मौत हुई है। दूसरी ओर, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की अचानक यूएई पहुंचे हैं। उनका मकसद खाड़ी देशों को ईरानी ड्रोन से निपटने की तकनीक सिखाने और बदले में आधुनिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम हासिल करना है।

यूक्रेन से बड़ी खबर आई है। रूस ने बीती रात यूक्रेन के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाते हुए एक साथ 273 ड्रोन दागे। इस हमले में 5 लोगों की मौत हुई है। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, यह रूस की ओर से किया गया इस साल का सबसे बड़ा हमला था।

**ओडेसा में अस्पताल पर हमला**

हमले का सबसे ज्यादा असर ओडेसा में देखने को मिला। समाचार एजेंसी को क्षेत्रीय प्रमुख सेरही लिसाक ने बताया कि रूसी ड्रोन ने एक प्रसूति अस्पताल (मैटरनिटी हॉस्पिटल) और निजी घरों को निशाना बनाया। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने दुख जताते हुए कहा कि इन हमलों का कोई सैन्य उद्देश्य नहीं था, यह सिर्फ आम नागरिकों के जीवन को तबाह करने की एक कायराना कोशिश थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, जेलेंस्की के गृहनगर क्रिवी रिह में भी दो लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा पोल्टावा क्षेत्र में भी भारी नुकसान की खबरें हैं। हालांकि, यूक्रेनी वायुसेना ने मुस्तैदी दिखाते हुए 273 में से 252 ड्रोन को मार गिराया।

**जेलेंस्की का यूएई दौरा**

एक तरफ जहां देश में हमले हो रहे हैं, वहीं राष्ट्रपति जेलेंस्की एक कूटनीतिक मिशन पर अचानक संयुक्त अरब अमीरात (वअए) पहुंच गए हैं। यहां उनकी मुलाकात राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से हुई। इस दौरे का मकसद एक बड़ी सैन्य डील है। दरअसल, यूक्रेन पिछले चार वर्षों से रूसी और ईरानी ड्रोन का सामना करते-करते 'ड्रोन डिफेंस' का ग्लोबल मास्टर बन चुका है। अब जेलेंस्की अपनी इस विशेषज्ञता का इस्तेमाल यूएई, सऊदी अरब, कतर, कुवैत और जॉर्डन की मदद के लिए कर रहे हैं। ईरान और इस्राइल के बीच जारी तनाव के बीच खाड़ी देश भी ईरानी ड्रोन के निशाने पर हैं। खाड़ी देशों के सामने यूक्रेन ने एक प्रस्ताव रखा है। यूक्रेन इन देशों को सस्ते और प्रभावी 'ड्रोन इंटरसेप्टर' यानी ड्रोन को मार गिराने की की तकनीक देगा।

# पश्चिम एशिया संकट

# 'हमारे आर्थिक केंद्रों को निशाना बनाया गया, तो कड़ा जवाब देंगे', ईरान की चेतावनी



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शनिवार को एक बार फिर अमेरिका और इस्राइल को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, हम कई बार कह चुके हैं कि ईरान पहले हमला नहीं करता। लेकिन अगर हमारे बुनियादी ढांचे या आर्थिक केंद्रों को निशाना बनाया गया तो हम कड़ा जवाब देंगे।

उन्होंने कहा, हम क्षेत्र के देशों से कहना चाहते हैं कि अगर आप विकास और सुरक्षा चाहते हैं, तो हमारे दुश्मनों को अपनी जमीन से युद्ध की अनुमति न दें। इस बीच, ईरान ने दावा किया है कि उसने दुबई में अमेरिकी सेना के दो ठिकानों पर हमला किया है। ईरान की सरकारी मीडिया फारस न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी।

हजरत खातम अल-अनबिया के केंद्रीय मुख्यालय के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि ईरान की ओर से क्षेत्र में अमेरिकी अड्डों पर हमले के बाद अमेरिकी सैनिक इन ठिकानों में स्थानांतरित हो गए थे।

प्रवक्ता ने कहा कि इन ठिकानों में 500 से अधिक अमेरिकी सैनिक मौजूद थे, जिनमें से लगभग 400 पहले ठिकाने में और 100 दूसरे ठिकाने में थे। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवक्ता ने कहा कि आईआरजीसी ने इन स्थानों की पहचान की और सटीक मिसाइलों और ड्रोन हमले किए, जिससे भारी नुकसान हुआ। ट्रंप और अमेरिकी सेना के कमांडरों को अब पूरी तरह समझ जाना चाहिए कि यह क्षेत्र अमेरिकी सैनिकों के लिए कब्रिस्तान बन जाएगा, और उन्हें बहादुर लोगों और इस्लाम के जांबाज योद्धाओं की इच्छा के आगे झुकना पड़ेगा।

इस बीच, सीबीएस की एक रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन पश्चिम एशिया में 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिकों को तैनात करने की तैयारी कर रहा है।

रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया कि पेंटागन इस डिवीजन के कुछ हिस्सों को क्षेत्र में भेजने की योजना बना रहा है। इस डिवीजन में कमान नियंत्रण और कुछ थल सैनिक शामिल हैं। अमेरिका खर्ग द्वीप पर संभावित जमीनी अभियान पर भी विचार कर रहा है।

वहीं, ईरान ने इस द्वीप पर बारूदी सुरंगें बिछानी शुरू कर दी हैं और अतिरिक्त बल भी तैनात कर दिए हैं।

# 'मुझसे किसी भी विषय पर बात कर सकते हैं': डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन।** मियामी में हाई-प्रोफाइल समिट के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 'बेबाक' अंदाज से सबको चौंका दिया है। उन्होंने कहा कि उनसे निजी विषयों पर भी सवाल पूछे जा सकते हैं, क्योंकि वे कुछ भी नहीं छिपाते। ट्रंप ने दावा किया है कि वे कभी भी सवालों की छंटनी नहीं करते।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अक्सर लीक से हटकर बयान देने के लिए जाने जाते हैं। इसी तरह एक बार फिर उन्होंने अपने बयान से लोगों को हैरान किया है। दरअसल, फ्लोरिडा के मियामी बीच स्थित फाएना होटल में 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव' (त्रक्क) समिट का आयोजन चल रहा था। मंच पर जब ट्रंप आए, तो उम्मीद थी कि वे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बात करेंगे, लेकिन उन्होंने अलग ही बात करनी शुरू कर दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि आमतौर पर राजनेता सवालों की छंटनी करते हैं, वे डरते हैं कि उनसे क्या पूछा जाएगा? लेकिन मैं यहां आपके लिए हूं। आप मुझसे वह सब कुछ पूछ सकते हैं जो आपके मन में है।

जानकारों का मानना है कि यह ट्रंप की एक सोची-समझी रणनीति है, जिसके जरिए वह अपने आप को ऐसे नेता के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, जो पारंपरिक और 'बनावटी' राजनेताओं के बीच एक 'असली इंसान' की तरह खड़ा है।

# पश्चिम एशिया में युद्ध का एक महीना: ईरान को कितना नुकसान




**नई दिल्ली।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बीते चार हफ्तों से जारी युद्ध में कई अहम घटनाक्रम हुए हैं। जहां ईरान में शीर्ष नेतृत्व को अमेरिका और इस्राइल ने संयुक्त अभियानों में मार गिराया, तो वहीं ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य बंद कर के दुनियाभर की ऊर्जा सप्लाई को बाधित कर दिया है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार हर हफ्ते ईरान में अपने लक्ष्य बदलते रहे हैं और अब उन्होंने एक बार फिर ईरान से बातचीत के जरिए युद्ध रोकने की बात कही है।

अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान के खिलाफ छेड़े गए युद्ध को एक महीना पूरा हो चुका है। इस एक महीने में पूरे पश्चिम एशिया की सूरत काफी बदल चुकी है।

पूरे क्षेत्र में मृतकों और घायलों की संख्या में भी लगातार इजाफा हुआ है। इस जंग का असर धीरे-धीरे पूरी दुनिया पर भी दिखने लगा है। इसके बावजूद दोनों ही पक्षों की तरफ से अब तक कोई भी युद्धविराम के लिए पूरी तरह तैयार नहीं दिख रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि बीते एक महीने में जंग में उलझे इस्राइल-अमेरिका और ईरान के साथ-साथ दुनियाभर की राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक असलियत बदली है। जहां ईरान में उच्च-स्तरीय नेतृत्व के कई बड़े चेहरों की मौत हो गई है, तो वहीं अमेरिका-इस्राइल को भी इस युद्ध में बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। अगर यह युद्ध कुछ और दिन जारी रहता है तो वैश्विक स्तर पर स्थितियां और गंभीर होने की आशंका है।

**अमेरिका-इस्राइल के ईरान से युद्ध का पहला हफ्ता**

## सैन्य प्रभाव

शीर्ष ईरानी नेतृत्व का पतन: युद्ध की शुरूआत में ही इस्राइली और अमेरिकी हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई, शीर्ष जनरल अब्दोलरहीम मौसवी, ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) कमांडर मोहम्मद पाकपुर और सलाहकार अली शामखानी मारे गए।

### ईरान की जवाबी कार्रवाई:

ईरान ने इस्राइल, खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और ऊर्जा लक्ष्यों पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागकर जवाबी कार्रवाई की। इसके अलावा, ईरान ने वैश्विक तेल व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण जलमार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया।

अमेरिकी बलों को नुकसान:

कुवैत में एक सैन्य अड्डे पर हुए हमले में छह अमेरिकी सैनिक मारे गए, और तीन अमेरिकी लड़ाकू विमान फ्रेंडली फायर यानी गलती से अपने ही हमले का शिकार होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

लेबनान तक पहुंचा युद्ध: हिजबुल्ला ने इस्राइल पर रॉकेट दागकर जंग में एंट्री ली, इसके जवाब में इस्राइल ने लेबनान में भारी बमबारी और जमीनी अभियान शुरू कर दिए।

### राजनीतिक असर

अपने शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बावजूद ईरानी सरकार नहीं गिरी, और देश में कोई बड़ा तख्तापलट या सरकार विरोधी प्रदर्शन नहीं हुआ। अमेरिका में घरेलू विरोध: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आलोचकों ने कांग्रेस की मंजूरी के बिना किए गए इन हमलों की वैधता पर सवाल उठाए। शुरूआती सर्वे से पता चला कि केवल एक चौथाई अमेरिकी जनता ही इस युद्ध का समर्थन कर रही थी। लक्ष्यों को लेकर भ्रम: राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि सैन्य अभियान का उद्देश्य ईरानी लोगों को स्वतंत्रता दिलाना है, जबकि अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को नष्ट करने जैसे सीमित लक्ष्य बताए।

**खाड़ी देशों की प्रतिक्रिया:**

खाड़ी देशों ने खुद को युद्ध में तटस्थ बताते हुए ईरानी हमलों की निंदा की और इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया।

# पाकिस्तान में मध्यस्थता के प्रयास तेज, ईरान-यूएस जंग पर चर्चा करेंगे तीन देशों के विदेश मंत्री



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तीन देशों सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करने जा रहा है। ये नेता पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच शांति प्रयासों पर चर्चा करेंगे। पढ़िए रिपोर्ट-

पाकिस्तान अस्थिरता, आर्थिक संकट और अफगानिस्तान से तनाव जैसे तमाम मुद्दों का सामना कर रहा है। लेकिन पश्चिम एशिया संकट में खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करके अपनी साख सुधारने का प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में वह सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करने जा रहा है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।

**पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने क्या कहा**

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बताया कि ये नेता पश्चिम एशिया में जारी तनाव, खासकर ईरान में युद्ध के बीच हालात को शांत करने के प्रयासों सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के निमंत्रण पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती रविवार और सोमवार को इस्लामाबाद का दौरा करेंगे।

मंत्रालय के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री कई मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे, जिनमें क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयास भी शामिल हैं। दौरे के दौरान ये नेता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इसने आगे कहा, पाकिस्तान सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के साथ अपने भाईचारे के संबंधों को अहमियत देता है और यह यात्रा इन देशों के साथ सहयोग और तालमेल को और मजबूत करने का मौका देगी।

**पहले तुर्किये में तय थी बैठक: इशाक डार**

जिओ न्यूज के मुताबिक, यह बैठक पहले तुर्किये में होने वाली थी। लेकिन इशाक डार की व्यस्तता के कारण उन्होंने नेताओं से इस्लामाबाद में मिलने का अनुरोध किया। डार ने कहा, यह बैठक पहले तुर्किये में तय थी। लेकिन व्यस्तता के कारण मैंने अपने साथियों को रविवार को इस्लामाबाद में मिलने को कहा।

डार ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान ईमानदारी और सच्चाई के साथ चल रहे विवादों को सुलझाने के लिए काम कर रहा है। डार ने बताया कि ईरान के साथ बातचीत जारी है। लेकिन बातचीत की संवेदनशीलता के कारण अधिकारी सार्वजनिक रूप से ज्यादा जानकारी नहीं दे रहे हैं।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | रविवार • 29 मार्च -2026

# गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# प्रधानमंत्री मोदी की जेवर रैली में जोश के साथ पहुंचे गाजियाबाद के भाजपाई


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी जेवर रैली में साथियों के साथ जाते हुए।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डीडी यादव भी पहुंचे थे जेवर रैली। साथ गई कार्यकर्ताओं की भीड़।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में रवाना होते हुए।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम वार्ड 89 के पार्षद डॉ अनिल तोमर कार्यकर्ताओं के साथ बस में बैठकर रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। झंडापुर वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में शामिल हुए।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम मकनपुर वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी कार्यकर्ताओं की बस को लेकर पीएम की रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद गांव वार्ड 40के पार्षद हिमांशु चौधरी कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा के वार्ड 54 के पार्षद सत्येंद्र चौधरी कार्यकर्ताओं के साथ रैली में जाने से पूर्व सेल्फी लेते हुए।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वैशाली के वार्ड 76 के पार्षद गौरव सोलंकी कार्यकर्ताओं के साथ बस में बैठकर पीएम की रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा के वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी भी पीएम की रैली में शामिल हुए।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में पहुँचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजेंद्र नगर वार्ड 86 के पार्षद मदन राय कार्यकर्ताओं के साथ रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता कार्यकर्ताओं के साथ बस में बैठकर पीएम की रैली में पहुंचीं।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भोपुरा वार्ड 20 के पार्षद यशपाल पहलवान कार्यकर्ताओं संग पीएम रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बृज विहार वार्ड 68 के पार्षद विनय चौधरी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बस में सवार होकर पीएम की रैली में पहुंचे।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट जेवर हवाई अड्डे पर लाल क्वार्टर वार्ड नंबर 69 लोहिया नगर से पार्षद कुलदीप त्यागी और अनिकेत त्यागी के नेतृत्व में सदस्य उत्तर रेलवे बोर्ड के प्रदीप कुमार त्यागी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की रैली में जाते हुए।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। श्याम पार्क वार्ड 83 के पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण भाटी कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में कार्यकर्ताओं के साथ बस द्वारा पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी कार्यकर्ताओं के साथ बस द्वारा पीएम की रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शालीमार गार्डन मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में बस द्वारा पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के वार्ड 99 के पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी की रैली में शिरकत की।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महानगर उपाध्यक्ष विनोद कसाना भाजपा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पीएम की रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद तेजपाल राणा कार्यकर्ताओं के साथ बस द्वारा पीएम की रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वैशाली वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी बस द्वारा पीएम मोदी की रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भोपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा महानगर पूर्व कार्यकारिणी सदस्य योगेश भाटी बस द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में पहुंचे।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में पहुंचीं।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नामित पार्षद अंकुश अरोड़ा ने जनप्रतिनिधि वाली पारी पीएम मोदी की रैली में एक बस ले जाकर शुरू की।


गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद महानगर युवा मोर्चा के अध्यक्ष व महानगर उपाध्यक्ष सचिन डेढ़ा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की रैली में बस द्वारा पहुंचे।

# फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या करने वाले तीन दोषियों को उम्रकैद

## ऑपरेशन कन्विक्शन की पैरवी से लगा 23 हजार रुपये का अर्थदंड





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराध में शामिल अभियुक्तों को सजा दिलाने में बड़ी सफलता हासिल हुई है। फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या करने वाले तीन दोषियों को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सभी दोषियों पर कुल 23 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। बता दें कि थाना नंदग्राम क्षेत्र में 4 मई 2024 को दर्ज मुकदमे में आरोप था कि अभियुक्तों ने वादी के पुत्र का फिरौती के लिए अपहरण किया। बाद में उसकी हत्या कर शव को जंगल में छिपा दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाकर तत्कालीन थाना प्रभारी धर्मपाल ने प्रभावी विवेचना की। इस मामले में कोर्ट का फैसला 28 को आया। जिसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-04 गाजियाबाद ने तीनों अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए धारा 302/120 भादवि आजीवन कारावास, 10,000 जुमार्ना लगाया है। तो धारा 364/120 भादवि आजीवन कारावास ,10,000 जुमार्ना धारा 201 भादवि 3 वर्ष का कठोर कारावास ,2,000 जुमार्ना अभियुक्त विकास को आर्म्स एक्ट 3/25 में 2 वर्ष का कठोर कारावास 1,000 जुमार्ना भी शामिल है। वहीं दोषी अभियुक्त मनीष, रोहित और विकास निवासी– ग्राम सिसौलीसमसपुर, थाना दौराला व मंडोली जनपद मेरठ को सजा सुनाई गई है।

## विवेचक-कन्विक्शन सेल की पैरवी रही मजबूत





**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल के प्रभारी डा. नीरज तोमर और विवेचक धर्मपाल के प्रभावी प्रयासों से यह सफलता मिली है। तो वहीं विवेचक द्वारा सुसंगत व मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। जिसमें सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) संजीव कुमार ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की, पैरोकार ललितेश्वर कुमार (कन्विक्शन सेल) व पूनम राणा (थाना नंदग्राम) की अहम भूमिका रही है। बता दें कि इस फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि गाजियाबाद में गंभीर अपराध करने वालों को कानून से बचना संभव नहीं है। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस लगातार अपराधियों को सजा दिलाकर कानून का भय स्थापित कर रही है और पीड़ितों को न्याय दिला रही है।

# 11 लाख की स्मैक के साथ लिंक रोड पुलिस ने तस्कर किया गिरफ्तार

## प्रभारी लिंक रोड लगातार कर रहे हैं कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना लिंक रोड पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 11 लाख रुपये कीमत की स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रविंद्र पंत के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। सुनियोजित तरीके से घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शोएब खान उर्फ मोंटी के रूप में हुई है, जो लोनी क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय था और दिल्ली से स्मैक लाकर गाजियाबाद के विभिन्न इलाकों में ऊंचे दामों पर बेचता था।

### 11 लाख का माल हुआ बरामद

**करंट क्राइम :** पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्मैक के अलावा नगद रुपये और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 11 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है। पुलिस अब उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और सहयोगियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन प्रहार के तहत नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।